WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, बुधवार, 1 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 309 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं..

नए वर्ष में नई पहल हो,
कठिन जिंदगी और सरल हो।
नए वर्ष का उगता सूरज,
सबके लिए सुनहरा पल हो।।

2025 : नए साल का संकल्प सकारात्मकता की ओर पहला कदम..

कार्य लक्ष्यों से प्रेरित होना चाहिए और कार्य समयबद्ध होना चाहिए

नया साल 2025 शुरू हो रहा है और अगर आपके संकल्प अभी भी तय नहीं हैं तो चिंता न करें, बदलाव की शुरुआत खुद से करें, सबसे पहला बदलाव है आलस्य से छुटकारा।

सबसे पहला बदलाव है आलस्य से छुटकारा

एक आलस्य हमें बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाता है। आलसी व्यक्ति जीवन में कभी सफल नहीं हो सकते। ऐसे लोग हमेशा अपनी असफलताओं का ठीकरा दूसरों पर फोड़ते हैं। इस वजह से लोग उनसे दूरी बना लेते हैं और वे अकेले हो जाते हैं। आलस्य का कारण क्या है? तो मस्तिष्क के कार्यशील न रहने के कारण। हमारे मस्तिष्क को लगातार काम की आपूर्ति की आवश्यकता होती है अन्यथा यह काम करना बंद कर देता है। लक्ष्य के प्रति जुनूनी लोग या तो लगातार काम कर रहे होते हैं या फिर हालात से निराश होते हैं, वरना हर कोई काम से ऊब जाता है। जब मस्तिष्क शिथिल हो जाता है तो सुस्ती आ जाती है। सिर्फ काम करने से कोई फायदा नहीं है। मेहनत गधा भी बनाती है, ऐसा काम बेकार है। कार्य लक्ष्यों से प्रेरित होना चाहिए और कार्य समयबद्ध होना चाहिए। अन्यथा काम में तेजी नहीं आएगी। हर बार आपको मनपसंद नौकरी नहीं मिलेगी, लेकिन जो नौकरी मिले उसे रुचि के साथ करना चाहिए।

कारणों पर विचार करें और स्वयं परिवर्तन करें

जब जिम्मेदारी लेने की बात आती है तो दो तरह के लोग होते हैं, एक जो कड़ी मेहनत करते हैं और दूसरे जो कड़ी मेहनत से बचते हैं। मज़ाक को छोड़ दें तो, आलसी लोगों को जिम्मेदारी लेने में बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं होती है। वे दूसरों के अधीन काम करेंगे, लेकिन अपनी बौद्धिक क्षमताओं का उचित उपयोग नहीं करेंगे। इन कारणों पर विचार करें और स्वयं में निम्नलिखित परिवर्तन करें।

जीवन में बड़े लक्ष्य और लक्ष्य रखें

यदि कोई लक्ष्य नहीं है तो जीवन में कोई मजा नहीं है। अपने दिन बिताना ही आपके जीवन का लक्ष्य नहीं है बल्कि अपनी रुचि के क्षेत्र में अपना स्थान पाने का प्रयास करना है। फिर देखिये, आपके दिन के 24 घंटे बर्बाद हो जायेंगे। छोटे लक्ष्यों से शुरुआत करें। उस लक्ष्य को प्राप्त करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपके क्षितिज का विस्तार होगा।

ताजा-पौष्टिक भोजन खाएं

भोजन हमारे शरीर का ऊर्जा स्रोत है। कम या ज्यादा भोजन करने से शरीर ठीक से काम नहीं कर पाता है। इसलिए कम मात्रा में खाएं और हो सके तो ताजा खाना खाएं। बासी खाना खाने से सुस्ती आती है और आलस्य का बहाना मिल जाता है।

कार्यों की सूची बनाएं

दिन की शुरुआत में उन कार्यों की सूची बनाएं जिन्हें आप करना चाहते हैं और उन्हें प्राथमिकता दें। इसलिए अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद नहीं होगा।

अनुकूल रहें

ऊर्जावान, अध्ययनशील लोगों की संगति में रहें। भले ही आप आलसी हो जाएं, ऐसे लोग आपको काम करने के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। तो आप आगे बढ़ जायेंगे।

धीरे-धीरे बदलाव करें

कोई भी बदलाव रातोरात नहीं होता, कोशिश करें और चरण दर चरण बदलाव करें। इससे आदत बदल जाएगी और आप प्रेरित रहेंगे याद रखें कि छोटी-छोटी दिखने वाली चीजें जीवन में बड़ा बदलाव लाती हैं और काम शुरू कर देती हैं।

मेषः 2025 में जनवरी का महीना उत्साह बढ़ाने वाला होगा, महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी, जो चिंताएं मन में थी उन्हें दूर करने में आप सफल होंगे, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

वृषभः साल 2025 आपके जीवन में सुख को बढ़ाने वाला है शुरुआत के 6 महीने बहुत महत्वपूर्ण है, आपका मान-सम्मान और बढ़ेगा, कार्यक्षेत्र में स्थिति बेहतर होगी।

मिथुनः 2025 में आपके जन्म स्थान से दूर क्षेत्र में आपको सफलता मिलेगी, अनजान लोगों से से संपर्क बढ़ेगा, विदेश से संबंधित कार्यों में कामयाबी प्राप्त होगी।

कर्कः साल 2025 में कर्क राशि वाले अपने हुनर का प्रयोग करके अच्छी कामयाबी प्राप्त कर सकते हैं, साल को शुरुआत के 3 महीने मेहनत ज्यादा करनी होगी।

सिंहः 12 फरवरी 2025 से मार्च 2025 तक बहुत ही लाभ दिलाने वाला समय होगा, आपका सम्मान और बढ़ेगा, कार्यक्षेत्र में स्थिति मजबूत होगी, भाग्य का सपोर्ट मिलेगा।

कन्याः 2025 में धर्मकर्म में आपकी रुचि और बढ़ेगी, धर्म से जुड़े कार्य करने वाले लोगों को अच्छी सफलता, सम्मान बढ़ेगा, नेगेटिव बात करने वाले लोगों से दूर बना कर रखे।

तुलाः 2025 में जनवरी से मई तक कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी, उत्साह बढ़ा रहेगा, भाग्य का साथ आपको मिलेगा जून से अक्टूबर के बीच में सावधानी से काम करने का समय होगा।

वृश्चिकः 2025 में आपका पराक्रम और बढ़ेगा, आय के नए साधन बनेंगे, जिनकी शादी हो गई है उन्हें संतान संबंधी सुख मिलेगा, साल की शुरुआत में व्यस्तता बनी रहेगी।

धनुः 2025 में अचानक आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे, घर परिवार में मांगलिक कार्य होंगे, परिवार की समस्याएं हल होंगी, ये साल हर काम सावधानी से करने का है।

मकरः 2025 में मेहनत का फल मिलेगा, कुछ विशेष कार्य करने की योजना बनेगी, पिछले साल के अधूरे काम पूरे होंगे, काम को लेकर दौड़ भाग बनी रहेगी, मित्रों से काम बनेंगे।

कुंभः 2025 में आगे बढ़ कर काम करना होगा, मेहनत ही इस साल आपके सपनों को साकार करने में मदद करेगी, मित्रों से अपेक्षा ना रखें। काम करने वालों को लाभ होगा।

मीनः 2025 आपके मानसम्मान को बढ़ाने वाला होगा पूरे साल कार्यों में व्यस्तता रहेगी, प्रॉपर्टी से संबंधित लाभ इस साल मिलेगा।

विस्तृत वार्षिक राशिफल 2025 पृष्ठ क्र. 10 पर...

आज बेबाक

कभी-कभी छोटे-छोटे मुल्कों में भी बड़ी-बड़ी बातें हो जाती हैं। पाकिस्तान ने अपनी धौंस दिखाने के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ एयर स्ट्राइक करने का दुःसाहस दिखाया था। उसे उम्मीद थी कि तालिबान डर जाएगा लेकिन तालिबानियों ने ईंट का जवाब पत्थर से देकर पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकाल दी। पाकिस्तान ने जिस तालिबान को पाल पोसकर खड़ा किया और अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज कराया आज वही तालिबानी उसके लिए भस्मासुर साबित हो रहे हैं। पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक के जवाब में तालिबान सर्जिकल स्ट्राइक कर रहा है। इसे ही कहते हैं। मेरी बिल्ली मुझसे ही म्याऊं।

सीएम विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की दी बधाई और शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि नव वर्ष 2025 हम सभी के जीवन में तरक्की के नये अवसर लेकर लाये और हम सभी के जीवन में भरपूर सुख-समृद्धि का वास हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नव वर्ष हम सभी के लिए शुभ संकल्प लेने का समय है। पिछले साल हमने प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया था और प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाने में हमें सफलता मिली। नए वर्ष में भी हम प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम इस साल हम सभी छत्तीसगढ़ की स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहे हैं, साथ ही इस वर्ष को हमने अटल निर्माण वर्ष के रूप में भी मनाने का निर्णय लिया है।

2025 में और अधिक मेहनत के साथ विकसित भारत के लिए सह संकल्पित सरकार : मोदी

__नयी दिल्ली।__ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2024 में उनकी सरकार की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार वर्ष 2025 में और भी अधिक मेहनत करने तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मोदी ने माई गोव इंडिया द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए वीडियो पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा, 'सामूहिक प्रयास और परिवर्तनकारी परिणाम। 2024 में कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं, जिन्हें इस वीडियो में बहुत ही शानदार ढंग से दर्शाया गया है। हम 2025 में और भी अधिक मेहनत करने और विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

पीएम मोदी को10 साल में 20 देशों का मिला सर्वोच्च सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले एक दशक में अपनी वैश्विक पहचान को मजबूत किया है और एक प्रभावशाली ग्लोबल लीडर के रूप में उभरे हैं। उनकी नीतियों, नेतृत्व क्षमता और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय भागीदारी ने उन्हें दुनिया भर में सराहा है. पीएम मोदी को अब तक 20 देशों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें कई मुस्लिम देश भी शामिल हैं. यह सम्मान उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण, भारत की बढ़ती ताकत और विदेश नीति में उनकी सक्षमता को दर्शाता है. उनका प्रभाव पूरी दुनिया में न केवल बढ़ता जा रहा है, बल्कि वे भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने में सफल भी रहे हैं।

कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया. यह सम्मान राष्ट्राध्यक्षों, विदेशी शासकों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को मित्रता के प्रतीक के रूप में दिया जाता है. यह पीएम मोदी को किसी देश द्वारा दिया गया 20वां अंतराष्ट्रीय सम्मान है. पीएम मोदी को इसी साल रूस ने 'द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' से नवाजा गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक अपनी वैश्विक नेतृत्व क्षमता और कूटनीतिक सफलता के लिए कई देशों से सम्मानित किया गया है. अप्रैल 2016 में उन्हें सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, किंग अब्दुल अजीज सैश से नवाजा गया. इसके बाद अफगानिस्तान ने उन्हें अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान, अमीर अमानुल्लाह खान पुरस्कार, प्रदान किया. 2018 में उन्हें फिलिस्तीन का ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन पुरस्कार मिला, जबकि 2019 में संयुक्त अरब अमीरात ने उन्हें आर्डर ऑफ जायद से सम्मानित किया. उसी साल रूस ने उन्हें द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल सम्मान से नवाजा. इसके अलावा, उन्हें मालदीव के निशान इज्जुद्दीन,

फ्रांस ने पीएम मोदी को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से किया सम्मानित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2021 में भूटान के सर्वोच्च सम्मान, ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से नवाजा गया. 2023 में उन्हें पलाऊ के एबाकल अवॉर्ड, फिजी के कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी पुरस्कार, और पापुआ न्यू गिनी के ग्रैंड कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू से सम्मानित किया गया. इसके अलावा, 2023 में मिस्र ने उन्हें ऑर्डर ऑफ नाइल, फ्रांस ने ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर, और ग्रीस ने द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर प्रदान किया. हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका का डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर, नाइजीरिया का द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर, बारबाडोस का ऑनररी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस, और गयाना का ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस पुरस्कार भी मिला।

महाकुंभ में दौड़ेंगी लग्जरी इलेक्ट्रिक बसें

प्रयागराज में किया जा रहा रूट सर्वे, जल्द मिलेगी अनुमति

प्रयागराज । प्रयागराज महाकुंभ 2025 समरसता के साथ समृद्ध भारत का संदेश भी देने के लिए कालांतर में जाना जाएगा। क्योंकि पहलीबार प्रयागराज महाकुम्भ में नए प्रयोग भी किये जा रहे है। इसी क्रम में पहली बार प्रयागराज और महाकुम्भ नगर में डबल डेकर ई बसे फर्राटा भरेंगी। प्रयागराज में इसका रुट सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद परिवहन विभाग तय रुट पर डबल डेकर ई बसे चलाने की अनुमति प्रदान करेगा।

कैसी होगी ई बसें : नगरीय परिवहन मंत्रालय उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने बताया कि ये बसें भगवा रंग की और त्रेता युग की कला कृतियों में समावेशित होगी। साथ ही इसमें दो फ्लोर होंगे निचले तल में 30 यात्री और ऊपरी तल में 36 यात्रियों की बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा बस में 4 सीसीटीवी कैमरे और एक पीछे कैमरा लगाया जाएगा। साथ ही आपात स्थिति में बस की हर सीट पर पैनिक बटन मौजूद रहेगा।

भारत का सबसे बड़ा धार्मिक मेला : बता दें कि महाकुंभ मेला भारत का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है, जो हर 12 साल में एक बार प्रयागराज में आयोजित होता है। इसमें लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम स्थल पर आकर स्नान करते हैं। इस मेले के महत्व को देखते हुए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाती हैं।

महाकुंभ 2025: दौड़ेंगी 3 हजार स्पेशल ट्रेनें

महाकुंभ में शाही स्नान की तिथियां

13 जनवरी 2025
पौष पूर्णिमा
14 जनवरी 2025
मकर संक्रांति
29 जनवरी 2025
मौनी अमावस्या
3 फरवरी 2025
वसंत पंचमी
4 फरवरी 2025
अचला नवमी
12 फरवरी 2025
माघी पूर्णिमा
26 फरवरी 2025
महाशिवरात्रि

गरमा-गरम

अभियान... *नए साल से नक्सल विरोधी अभियान में आएगी और तेजी, सॉय सरकार लक्ष्य तय करने की दिशा में बढ़ रही आगे*

गृहमंत्री अमित शाह का टास्क, 2025 में पूरा होगा टारगेट

जगदलपुर/नवप्रदेश। साल 2024 में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दिए गए टास्क को पूरा करने साल 2025 की शुरुआत में ही अबूझमाड़ इलाके में मौजूद बड़े माओवादियों को घेरने की रणनीति सुरक्षा महकमे ने तैयार कर ली है। इसके लिए राजधानी के एडीजी और डीएसपी रैंक के बड़े अफसर अबूझमाड़ इलाके में रात गुजारेंगे और जवानों के साथ ऑपरेशन में शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि माओवादियों के बड़े लीडर, जिन पर करोड़ों रुपये का ईनाम रखा गया है, वे सभी माड़ और इन्द्रावती इलाके में मौजूद हैं। इन सभी बड़े नक्सल लीडर्स को घेरने की योजना केंद्र स्तर से बन चुकी है।

आने वाले साल की शुरुआत में ही पूरे अबूझमाड़ को फोर्स घेरेंगी। वहीं अबूझमाड़ और इंद्रावती कोर इलाके में 400 से अधिक हथियार बंद माओवादियों के मूवमेंट की खबर सुरक्षा बलों को मिल चुकी है. अब इनपुट्स के आधार पर ही माओवादियों के ठिकानों में सुरक्षा बल बड़ा ऑपरेशन चलाने वाली है।

अब होगी निर्णायक लड़ाई

जानकार भी मानते हैं कि साल 2026 का जो लक्ष्य रखा गया हैं, उसे 2025 में ही सुरक्षा बल खत्म करने की फिराक में है। कहा भी जा रहा है कि 2025 में माओवादियों के साथ आखिरी निर्णायक लड़ाई होगी. वहीं बस्तर आईजी सुंदर राज पी ने बताया कि प्रदेश और बस्तर से माओवादी संगठन को खत्म करने का लक्ष्य जवानों को दे दिया गया है। अब आने वाले दिनों में माड़ इलाके में बड़ा ऑपरेशन लॉंच किया जाएगा।

अबूझमाड़ में हुआ था बड़ा ऑपरेशन

छत्तीसगढ़ के दक्षिण अबूझमाड़ में इलाके में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में जवानों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया था। नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 7 नक्सलियों को मार गिराया. 10 नबंवर को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव जिले से जिला रिजर्व बल डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ के संयुक्त दल को दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में एंटी नक्सल ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था।

2024 के यादगार लम्हें....

सियासी ज्वार-भाटा : मोदी सरकार 3.0 से किसानों की ललकार तक... याद रहेंगी बीते साल की राजनीतिक घटनाएं

2024 में भारतीय राजनीति ने कई अहम मोड़ देखे । नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि विपक्षी दलों ने 'INDIA' गठबंधन के तहत एकजुट होकर चुनाव लड़ा । किसान आंदोलन का प्रभाव जारी रहा और क्षेत्रीय दलों की भूमिका बढ़ी । जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हुए । चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा विवादों पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया

नई दिल्ली। बीता साल भारतीय राजनीति के लिए बेहद खास रहा । किसान आंदोलन और मणिपुर हिंसा जैसे घटनाक्रम सत्ता के लिए चुनौती बने तो वहीं इसी साल तीसरी बार ह्ष्ठ की सरकार भी बनी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने । कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने मुहब्बत की दुकान को हिट कराया तो वहीं देश के राजनीतिक परिदृश्य को नई दिशा भी मिली । आइए जानते हैं कि इस साल भारतीय राजनीति में कौन सी महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं । साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की । देखा जाए तो इस बार मुकाबला पहले से अधिक कठिन था, क्योंकि विपक्षी दलों ने एकजुट होकर 'इंडिया' गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था।

राज्यों के चुनाव में उलटफेर

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि भाजपा को कुछ राज्यों में चुनौतियों का सामना करना पड़ा । इन चुनावों में क्षेत्रीय दलों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही । पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, तेलंगाना में के । चंद्रशेखर राव की टीआरएस, यूपी में समाजवादी पार्टी और उत्तर-पूर्वी राज्यों में विभिन्न क्षेत्रीय दलों ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज की, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव बढ़ा ।

'इंडिया' गठबंधन : विपक्ष का एकजुट होना

लोकसभा चुनाव में विभिन्न विपक्षी दलों ने 'इंडिया' गठबंधन के तहत एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोला। इंडिया गठबंधन में 26 से अधिक विपक्षी दल शामिल हैं। इनमें प्रमुख नाम हैः कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), द्रमुक (डीएमके), आम आदमी पार्टी (आप), समाजवादी पार्टी (सपा), शिवसेना (उद्धव गुट) और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) । यह गठबंधन पूर्ण सफलता भले ही प्राप्त नहीं कर सका, लेकिन इसने भविष्य में विपक्षी दलों की एकजुटता की संभावनाओं को उजागर जरूर किया । विपक्ष की एकजुटता ने भविष्य की राजनीति के लिए नए संकेत भी दिए ।

किसान आंदोलनों की पटकथा

इस साल कृषि कानूनों के विरोध में जारी किसान आंदोलनों का राजनीतिक परिदृश्य पर गहरा प्रभाव नजर आया । सरकार ने किसानों के लिए कुछ राहत के कदम उठाए । बावजूद इसके विवाद और आंदोलन जारी रहे । कृषि कानूनों के विरोध में 2020 में शुरू हुए किसान आंदोलन का प्रभाव 2024 में भी जारी रहा ।

राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति

चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा विवादों पर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया । भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी स्थिति मजबूत की और अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ जैसे देशों के साथ संबंध प्रगाढ़ किए । लेकिन साल के आखिर में आते आते कनाडा सरकार की भारत के प्रति कटुता खबरों की सुर्खियां बनीं । जस्टिन ट्रूडो के बयानों को लेकर भारत में काफी चर्चा रही ।

त्रिपुरा शांति समझौता 2024

केंद्र, त्रिपुरा सरकार और राज्य के दो विद्रोही संगठनों नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफत्रिपुरा और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर पर हस्ताक्षर हुए, जिससे त्रिपुरा में 35 साल से चल रहा उग्रवाद समाप्त हो गया । इस समझौते के तहत आदिवासियों के विकास के लिए 250 करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की गई ।

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव

2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया था । इसके बाद राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गयाः जम्मू-कश्मीर और लद्दाख । जम्मू और कश्मीर में, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख पार्टी के रूप में उभरी ।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024

भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र में निर्णायक जीत दर्ज की, जिससे देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री के रूप में वापस आए । विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को इस चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ा ।

अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ा

आबकारी नीति घोटाले के कारण दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ा और उनके इस्तीफे के बाद आतिशी ने मुख्यमंत्री पद संभाला । सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने तक केजरीवाल सात महीने तक सलाखों के पीछे रहे ।

महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी

2024 में राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की मांग प्रबल हुई । हालांकि, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला प्रतिनिधित्व अभी भी अपेक्षाकृत कम है, लेकिन पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण ने उनकी भागीदारी को बढ़ावा दिया है ।

सवर्ण और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर बहस

आरक्षण नीतियों को लेकर सवर्ण और पिछड़े वर्गों के बीच विवाद उभरे । सरकार ने सवर्णों के लिए आरक्षण बढ़ाने की योजना बनाई, जबकि विपक्ष ने इसकी आलोचना की जिससे सामाजिक और राजनीतिक बहसें तेज हुईं ।

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा से लेकर ISRO के Space Missions तक... इन पलों के नाम रहा साल 2024....

राम लला की प्राण प्रतिष्ठा

साल 2024 राम नगरी अयोध्या के लिए स्वर्णिम इतिहास का गवाह बना । 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए । इस ऐतिहासिक क्षण ने अयोध्या की तस्वीर ही बदल दी और राम नगरी सालभर खुशियों में सराबोर रही । साल 2024 ने अयोध्या को एक वैश्विक पहचान दिलाई है ।

नई दिल्ली। साल 2024 खत्म होने के साथ नया साल 2025 दस्तक देने को तैयार है । नए साल में भले ही काफी कुछ नया होने वाला हो, लेकिन साल 2024 कई महत्वपूर्ण घटनाओं का इतिहास बना है । इस साल कई बड़ी घटनाएं हुई हैं, जो इतिहास में याद रखी जाएंगी । चाहे बात अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा की हो या फिर जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव की या इसरो ने अंतरिक्ष में एक और छलांग लगाई हो । आज हम आपको 2024 के उन पलों को याद करा रहे हैं, जिन्होंने इतिहास रच दिया ।

पेरिस ओलंपिक 2024 में नीरज चोपड़ा ने जीता सिल्वर

पेरिस ओलंपिक 2024 में जेवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीतकर एथलिट नीरज चोपड़ा ने देश का नाम रोशन किया । 8 अगस्त को पेरिस ओलंपिक 2024 में उन्होंने 89 ।45 मीटर दूर भाला फेंककर यह मेडल जीता था। नीरज ने लगातार दूसरे ओलंपिक गेम्स में मेडल जीता है। नीरज ऐसे पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड जीतने के बाद एक और मेडल जीता।

देश के सबसे लंबे समुद्री ब्रिज 'अटल सेतु' का उद्घाटन

साल 2024 इसलिए भी ख़ास रहा क्योंकि इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 जनवरी 2024 को मुंबई में देश के सबसे लंबे समुद्री ब्रिज 'अटल सेतु' का उद्घाटन किया । यह पुल लगभग 21 ।8 किमी लंबा और 6-लेन वाला है । 16 ।5 किमी लंबा समुद्र के ऊपर और करीब 5 ।5 किमी जमीन पर बना है । यह देश का सबसे लंबा पुल है । इस पुल से मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय भी कम हो जाता है ।

राहुल बने नेता प्रतिपक्ष

रायबरेली से सांसद और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पहली बार लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष बने । करीब 10 साल बाद लोकसभा को नेता प्रतिपक्ष मिला है । बीते दो चुनावों में कांग्रेस के पास आवश्यक 10 फीसदी सीट शेयर नहीं था, ऐसे में पार्टी नेता प्रतिपक्ष के लिए दावा पेश नहीं कर पाई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ये पद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिला।

AK-203 राइफल से लेकर हाइपरसोनिक मिसाइल तक...भारतीय डिफेंस टेक्नोलॉजी के लिए खास रहा 2024

1. ***XPoSat (PSLV-C58) - Januar4 1, 2024***
2. ***INSAT-3DS (GSLV-F14) - February 17, 2024***
3. ***RLV LEX-03 - June 23, 2024***
4. ***EOS-08 (SSLV-D3) - August 16, 2024***
5. ***Proba-3 (PSLV-C59) - December 5, 2024***

इनके अलावा भी Indian Space Research Organisation (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) यानी ISRO ने 2024 में कई अलग-अलग मिशन कम्प्लीट किए हैं । साल खत्म होते-होते यानी 30 दिसंबर को ISRO स्पैडेक्स डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) को लॉन्च किया । इसे पीएसएलवी सी60 से रवाना किया गया।

लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने साल 2024 में एक बार फिर से सरकार बनाई। 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली । इसके साथ ही वो लगातार तीन बार पीएम पद की।

मनु भाकर ने जीता कांस्य पदक

मनु भाकर ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा यानी शूटिंग में कांस्य पदक जीता । वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं ।

शतरंज के बादशाह बने डी गुकेश

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने हाल ही में ऐसा करनामा कर डाला, जो आजतक कोई नहीं कर पाया ।18 साल के D.Gukesh वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीतकर दुनिया के सबसे युवा चेस चैंपियन बन गए ।

पवार और उद्धव से लेकर मायावती तक, वे 5 नेता जिनके लिए बहुत बुरा रहा 2024

हर साल कुछ लोगों के लिए अच्छा होता है तो कइयों के लिए बहुत बुरा साबित होता है । समाज के हर फील्ड से लेकर राजनीति तक नजारा एक जैसा ही देखने को मिलता है - ऐसे में जबकि हम नये साल की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं, 2024 की मीठी और कड़वी यादें दिमाग में एक साथ घूम जाती हैं । देश की राजनीति में ये साल कई नेताओं के लिए मिला-जुला अनुभव लेकर भी आया, जबकि कुछ नेताओं के पैरों तले जमीन ही खिसक गई । क्षेत्रीय राजनीति से लेकर दलित राजनीति के क्षेत्र में भी ये सब देखने को मिला है । ऐसे भी नेता हैं जिन्हें लोकसभा चुनाव नतीजों में बहुत बड़ी उम्मीद दिखाई पड़ी, लेकिन उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में लगा जैसे दुनिया ही उजड़ गई हो । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके एकनाथ शिंदे तो ऐसे नेताओं में शुमार हैं, जिनकी राजनीति में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है ।

पवार के पास तो सिर्फ बारामती का गढ़ ही बचा

महाराष्ट्र के दिग्गज नेता माने जाने वाले शरद पवार ने एक बार उद्धव ठाकरे की नेतृत्व क्षमता को लेकर ऐसी बात कही थी, जो उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवालिया निशान समझा गया था । शरद पवार का कहना था कि शिवसेना में बगावत से पहले उन्होंने उद्धव ठाकरे को आगाह किया था, लेकिन वो नहीं समझ पाये । ज्यादा दिन नहीं बीते, और शरद पवार के साथ भी बिल्कुल वही सब देखा गया जो उद्धव ठाकरे के साथ हुआ था ।

उद्धव ठाकरे तो जैसे कहीं के नहीं रह गये हैं

उद्धव ठाकरे के महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने में शरद पवार की भी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है, लेकिन 2024 में उनको मुख्यमंत्री पद का चेहरा न बनने देने में भी एनसीपी नेता का ही बड़ा रोल रहा। उद्धव ठाकरे चाहते थे कि उनको महाविकास आघाड़ी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया जाये, लेकिन न तो शरद पवार को ये मंजूर था, न राहुल गांधी को । महाराष्ट्र में कांग्रेस के सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बाद तो कांग्रेस को ऐसा लगना भी स्वाभाविक था।

मायावती की राजनीतिक जमीन काफी सिकुड़ चुकी

2022 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी का प्रदर्शन तो कांग्रेस से भी बुरा था । कांग्रेस के दो विधायक तो बीएसपी का सिर्फ एक ही विधायक बचा है - और लोकसभा में तो 2014 की ही तरह फिर से जीरो बैलेंस खाता हो गया है । देश की दलित राजनीति में हाल तक जो मुकाम मायावती ने हासिल किया है, वो बहुतों को नसीब नहीं हुआ है - लेकिन उससे भी बड़ी सच्चाई ये है कि मायावती की राजनीति भी करीब करीब खत्म होती नजर आ रही है।

नवीन पटनायक के लिए वापसी तो असंभव

2024 के विधानसभा चुनावों से पहले तक बरसों से नवीन पटनायक का ओडिशा में एकछत्र राज देखने को मिल रहा था, लेकिन जिस बीजेपी के साथ वो लगातार 10 साल नजर आये, उसी ने उनको ओडिशा से बेदखल कर दिया । ओडिशा में अब तो नहीं लगता कि बीजेडी सत्ता में वापसी कर पाएगी - और इस हिसाब से 2024 तो नवीन पटनायक के लिए सबसे बुरा साल ही साबित हुआ ।

महबूबा मुती की राजनीति भी बर्बादी की कगार पर

जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद अब्दुल्ला परिवार और मुफ्ती परिवार दोनो की राजनीति करीब करीब एक ही मोड़ पर पहुंच चुकी थी, लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में तो महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी जैसे बर्बाद ही हो गई । जो महबूबा मुफ्ती बीजेपी की मदद से जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री बनी थीं, वो 2024 आते आते सूबे की सियासत में हाशिये पर पहुंच चुकी हैं। जिस हिसाब से उमर अब्दुल्ला सरकार चला रहे हैं, पीडीपी के फिर से खड़े होने की कम ही उम्मीद लगती है।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, बुधवार, 1 जनवरी 2025 | शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 309 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | RNI NO.CHHHIN/2012/41806 | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

इसरो जनवरी में 100वें प्रक्षेपण मिशन के साथ इतिहास रचने तैयार : सोमनाथ

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। 31 दिसंबर (वार्ता) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग के हिस्से के रूप में पीएसएलवी-सी-60/स्पैडेक्स अंतरिक्षयानों के एक मील के पत्थर मिशन के साथ नए साल की शुरुआत करने के बाद जो भविष्य के अंतर-ग्रहीय मिशनों और पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए महत्वपूर्ण था , जनवरी के मध्य में 100वें प्रक्षेपण मिशन के साथ प्रक्षेपणों की शताब्दी के लिए तैयार होकर एक और इतिहास रचने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन कंट्रोल सेंटर से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए सफल स्पैडेक्स मिशन और पीएसएलवी चौथे चरण के वाहन पीओईएम-4 के हिस्से के रूप में 24 वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए टीम इसरो को बधाई देते हुए कहा, 'हमारा अगला मिशन जनवरी के मध्य में जीएसएलवी है जो नए साल 2025 का पहला प्रक्षेपण होगा। उन्होंने कहा कि 2025 में 'हमारे पास कई मिशन होंगे और सबसे पहले हम जीएसएलवी द्वारा एनवीएस-02 (नाविक समूह का एक उपग्रह) का प्रक्षेपण करेंगे।उन्होंने कहा, 'जब तक हम आपको जीएसएलवी मिशन के बारे में अपडेट नहीं देते, मैं आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं।

उन्होंने कहा कि कल रात का पीएसएलवी-सी60/ स्पैडेक्स मिशन इसरो का 99वां मिशन था और जनवरी के मध्य में जीएसएलवी मिशन 100वां प्रक्षेपण होगा जो प्रक्षेपणों की एक शताब्दी को चिह्नित करेगा। सोमनाथ ने स्पैडेक्स मिशन पर कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग अनुसंधान अंतरिक्ष में निर्माण, मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, उपग्रहों के रखरखाव और सेवा में मदद करेगा।

उन्होंने कहा 'यह मुख्य रूप से एक अनुसंधान और विकास डॉकिंग है। यह अंतरिक्ष स्टेशनों को विकसित करने में हमारी मदद करेगा।

उन्होंने पीएसएलवी-सी60 मिशन के प्रक्षेपण में दो मिनट की देरी पर जो 2158 बजे निर्धारित प्रक्षेपण के बजाय 2200 बजे 15 सेकंड पर प्रथम प्रक्षेपण पैड से उड़ान भरी, कहा 'यह सुनिश्चित करने के लिए था कि हमारे उपग्रह अन्य उपग्रहों (जो एक ही कक्षा में हैं) के बहुत करीब न आएं। यह कहते हुए कि डॉकिंग एक नियंत्रित तकनीक है श्री सोमनाथ ने कहा 'हमें इस उपलब्धि पर गर्व है...एक बहुत ही महत्वपूर्ण अनुसंधान।

उन्होंने कहा 'यह पहला स्पैडेक्स मिशन है और निकट भविष्य में कई और होंगे। सोमनाथ ने दो स्पैडेक्स उपग्रहों के बारे में जिन्हें 55 डिग्री के झुकाव के साथ 475 किमी की सही कक्षा में इंजेक्ट किया गया था और कक्षा को दो बार पीएस4-चरण को स्विच करके नीचे लाया जाएगा , कहा कि डॉकिंग सात जनवरी को पूर्वाह्न या आठ जनवरी को होने का अनुमान है।

उन्होंने कहा, 'नए साल में हमारे पास डॉकिंग के साथ-साथ पीएस4 ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल (पीओईएम) पर प्रयोग करने के लिए बहुत काम है। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग मिशन भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है जिसमें चंद्रमा से नमूना वापस लाना, चंद्रमा पर एक भारतीय को उतारना और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन शामिल है।

इसरो ने कहा कि दो छोटे उपग्रह चेजर और टारगेट जिनमें से प्रत्येक का वजन 200 किलोग्राम है, स्पैडेक्स के हिस्से के रूप में डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। पहले दो उपग्रहों एसडीएक्स 01 चेजर और एसडीएक्स 02 टारगेट के बीच लगभग 20 किमी की दूरी बनाई जाएगी।

मोदी ने संस्कृत विद्वान फिलियोजात के निधन पर जताया शोक

नयी दिल्ली। संस्कृत के जाने-माने विद्वान एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर पियरे सिल्वेन फिलियोजात का सोमवार को पेरिस में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे और कुछ समय से बीमार चल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया है और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने फ़्रांसिसी मूल भारतीय संस्कृत विद्वान् एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर फिलियोजात के निधन पर शोक जताया है और कहा है कि संस्कृत के लोकप्रिय बनाये जाने के प्रयासों के लिये याद किये जायेंगे। डॉ. फिलियोजात मैसूर में रहते थे और उन्हें इलाज के लिये पेरिस ले जाया गया था, जहां उनका निधन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक संदेश में कहा, 'डॉ. पियरे सिल्वेन फिलियोजात को संस्कृत अध्ययन, विशेषकर संस्कृत साहित्य और व्याकरण के अध्ययन को लोकप्रिय बनाने के उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिये याद किया जायेगा।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

नयी दिल्ली (वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नागरिक कर्तव्यों, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के प्रति अपनी प्रतिज्ञा पुनः दोहराने और भारत के अद्वितीय मूल्यों के साथ एक स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होने का आह्वान किया है। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को यहां जारी एक संदेश में बताया कि श्री धनखड़ ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी है।

हज खर्च जमा करने की अंतिम तारीख छह जनवरी तक बढ़ी

नयी दिल्ली। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रियों की सुविधा के लिये और जनमानस की मांग पर प्रतीक्षा सूची में चयनित हज यात्रियों के लिये हज खर्च की पहली और दूसरी किस्त के तौर पर 2,72,300 रुपये जमा करने की अंतिम तारीख छह जनवरी तक बढ़ा दी है। कमेटी की विज्ञप्ति के अनुसार ड्रॉ में पहले से चयनित हज यात्री भी छह जनवरी तक हज खर्च की दूसरी किस्त 1,42,000 रुपये जमा कर सकते हैं। कमेटी द्वारा जारी परिपत्र में हज यात्रियों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की गयी है। छह जनवरी अंतिम तारीख है और इसके बाद किसी और तिथि विस्तार की संभावना नहीं है। हज यात्री हज कमेटी की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई द्वारा ई-पेमेंट कर सकते हैं। यात्री भारतीय स्टेट बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में पे-इन स्लिप और बैंक रेफरेंस नंबर के जरिये हज समिति के खाते में राशि जमा कर सकते हैं।

यमन में नर्स को सजा में नहीं मिली राहत

नयी दिल्ली (वार्ता)। यमन में काम करने गई एक भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को हत्या के मामले में मौत की सज़ा को यमन के राष्ट्रपति द्वारा मंजूर किए जाने पर भारत सरकार ने आज आश्वासन दिया कि सुश्री प्रिया को बचाने के लिए उनके परिवार को विधिसम्मत विकल्पों के इस्तेमाल को लेकर हरसंभव मदद दी जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सुश्री निमिषा प्रिया के मामले के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, 'हम यमन में सुश्री निमिषा प्रिया को सज़ा सुनाए जाने से अवगत हैं। हम समझते हैं कि सुश्री प्रिया का परिवार समुचित विकल्प तलाश रहा है। सरकार इस मामले में हरसंभव मदद कर रही है।

ईडी की पूछताछ में नहीं पहुंचे पूर्व मंत्री लखमा

भाजपा ने पोस्टर वार करते हुए पूछा- कहीं दाल में कुछ काला तो नहीं

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कथित 2000 करोड़ के शराब घोटाले की आग नए सरकार के कार्यकाल का 1 साल पूरा होने पर भी नहीं बुझी है. बीते दिनों पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के घर में ईडी की दबीश से राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है. अब पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता कवासी लखमा के ईडी दफ्तर नहीं पहुंचने पर भाजपा ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए प्रहार किया है।

भाजपा ने पोस्टर किया जारी

सोशल मीडिया पर भाजपा ने एक पोस्ट जारी किया है। इसमें शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा नहीं पहुंचे पर कहा है कि भूपेश के कुशासन में हुए 2000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में ईडी के पूछताछ में बुलाए जाने पर पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा नहीं पहुंचे, उनका श्वष्ठ से बचना ये बताता है कि दाल में बहुत कुछ काला है। मामले में ईडी की पूछताछ में कवासी लखमा सहयोग नहीं कर रहे हैं और मलाई चाटकर खुद को अनपढ़ बता रहे हैं। बता दें कि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के धरमपुरा, रायपुर स्थित बंगले और बेटे हरीश कवासी के सुकमा स्थित घर पर श्वष्ठ ने छापेमारी की थी. यहां दस्तावेज खंगालने के बाद अफसर पूर्व मंत्री की कार को घर से बाहर निकालकर तलाशी ली थी। केवल कवासी लखमा और हरीश लखमा ही नहीं बल्कि कवासी के करीबी सुशील ओझा के चौबे कॉलोनी स्थित निवास और सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के घर पर भी श्वष्ठ ने छापा मारा था। छापेमारी के बाद ईडी की टीम कवासी और उनके बेटे का मोबाइल अपने साथ ले गई थी। सूत्रों के हवाले से अब खबर है कि ईडी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस घोटाले में बतौर कमीशन हर महीने 50 लाख रुपए पूर्व मंत्री कवासी लखमा को भी मिलते थे।

छग को केंद्र सरकार से मिली 250 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

■ वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के रिफॉर्म की केंद्र सरकार ने की सराहना

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साथ के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए आईटी आधारित वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को लागू कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार ने इस डिजिटल सुधार की सराहना करते हुए राज्य को 250 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) के रूप में प्रदान की है। छत्तीसगढ़ राज्य ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन के लिए 'जस्ट इन टाइम' मॉडल और एसएनए स्पर्श प्रणाली को अपनाया है। यह प्रणाली वित्तीय प्रवाह को कुशल बनाते हुए निधियों के वितरण, ट्रैकिंग और भुगतान को आसान बनाती है। इसके तहत राज्य सरकार ने केंद्र की निधि को आरबीआई के ई-कुबेर नेटवर्क और राज्य की निधि को वित्तीय प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली के माध्यम से समेकित किया है।

आगामी सत्र शुरु होने से पूर्व मिलेंगी पाठ्य पुस्तकें : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आगामी शिक्षा सत्र में राज्य के समस्त विद्यार्थियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि विद्यार्थियों को समय-सीमा में पाठ्य पुस्तकें प्राप्त हो सकें इसके लिए वितरण कार्य की निगरानी आनलाइन ट्रेकिंग ऐप के माध्यम से की जाए। मुख्यमंत्री ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की कार्यकारिणी सभा की 89वीं बैठक में ये निर्देश दिए।

7 विशेषज्ञ चिकित्सकों व 35 चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति का आदेश जारी

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेशानुसार राज्य के रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 06 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 12 चिकित्सा अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 05 चिकित्सा अधिकारियों, बस्तर संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 06 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. अमिताभ लालजी साहू, जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ. क्षमा चोपड़ा, जिला अस्पताल कबीरधाम, डॉ. निकिता खेस, जिला अस्पताल जांजगीर, डॉ. अनु आनी जॉन, जिला अस्पताल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, डॉ शोएब खान जिला अस्पताल पंडरी रायपुर, डॉ नील माधव गवेल, जिला अस्पताल रायगढ़ व डॉ महिमा निधि जॉर्ज शास. चिकित्सा महाविद्यालय जिला रायगढ़ में पदस्थापना की गई है।

नक्सल पर बीते साल में बड़ा प्रहार

2024 में अब तक 237 नक्सली ढेर

जगदलपुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में 2024 में अब तक 237 नक्सली ढेर किए जा चुके है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि इस वर्ष मिली अभूतपूर्व सफलता के बाद जवानों का हौंसला बढ़ा हुआ है। बस्तर में नक्सलियों के लिए कोई रास्ता नहीं बच गया है। नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें क्योंकि आने वाले दिनों में अभियान और भी तेज किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष बस्तर में अब तक 237 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है जिनमें से 217 के शव पुलिस को मिले हैं। अन्य 20 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि नक्सली स्वयं कर चुके हैं। इस अवधि में 925 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है तो 792 नक्सली अपने हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौट आए हैं। इन मुठभेड़ में पुलिस को नक्सलियों के 284 हथियार पुलिस को मिले हैं जिसमें इंसास, एके-47 राइफल समेत कई बड़े हथियार हैं। इनमें से कई हथियार नक्सलियों ने पुलिस से लूटे थे।

651 धर्मांतरित परिवारों की घर वापसी : जूदेव कहा - छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण बड़ी समस्या

■ करेंगे प्रदेशव्यापी आंदोलन, जशपुर से लेकर रायपुर तक निकालेंगे पदयात्रा

रायपुर/ नवप्रदेश। 651 धर्मान्तरित परिवारों की सनातन धर्म में घर वापसी को लेकर अखिल भारती घर वापसी के प्रमुख प्रबल प्रताप जूदेव ने प्रेस कॉफ्रेंस किया। उन्होंने कहा, सक्ती छत में पांव पखारकर 651 धर्मान्तरित परिवारों की पुनः सनातन धर्म में घर वापसी कराया गया। ईसाई मिशनरियों द्वारा कई वर्षों से सक्ती एवं आसपास के जिलों में धर्म परिवर्तन का विष फैलाया जा रहा है। धर्मान्तरण से चुनाव प्रभावित हो रहा है। पूरे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल रही है। यह अत्यंत गंभीर और चिंता का विषय है।

अमित जोगी को लेकर प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, इनके पास कोई मुद्दा नहीं है. उनकी स्थिति आप देख रहे हैं। जब वो खुद ही क्रिप्टो क्रिश्चन है वो मेरे पर लांछन लगा रहे हैं। ये काम मेरे पिता ने तब से शुरू किया, जब भाजपा नहीं थी। आप अपने आप को सनातनी हिंदू कहते हैं, आपका खुद ही आईडेंटी का पता नहीं है। पंजाब के सीएम चन्नी साहब भी हिंदू हैं, लेकिन वो कुछ और काम करते हैं। ये सभी लोग हिंदू समाज को खोखला कर रहे हैं. ऐसे लोगों के विरुद्ध प्रदेशभर में एक बड़ा आंदोलन करूंगा।

जूदेव ने कहा, दूसरी बड़ी समस्या डीलिस्टिंग की है, वनवासी भाई हैं। उन्हें लाभ मिले, इसके लिए मैं बड़ा प्रदर्शन करूंगा। कुछ धर्मांतरित लोग कन्वर्ट हो रहे हैं और इसका लाभ भी उठा रहे हैं। डीलिस्टिंग होना बहुत जरूरी है. वनवासी समाज जो कन्वर्ट हो गया है उसका आरक्षण बंद होना चाहिए।

डीडी नगर दोहरे हत्याकांड में दो नाबालिग समेत 6 गिरफ्तार

■ 300 मीटर दौड़ा-दौड़ा कर बेरहमी से पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में न्यू ईयर से पहले डबल मर्डर हुआ है। चंगोराभांटा इलाके में देर रात दो युवकों को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। बीच बस्ती में उन्हें 300 मीटर दौड़ाकर पीटा गया। मृतक युवकों का नाम कृष्णा यादव और सचिन बड़ोले है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को हिरासत में लिया है। पूरा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक कृष्णा और सचिन पुतला चौक स्थित मैदान में बैठकर शराब पी रहे थे। पास में ही मुहल्ले के 6 अन्य लोग भी बैठे थे जो अलाव जलाकर बातचीत कर रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने कृष्णा और सचिन को शराब पीने से मना किया और विवाद शुरू कर दिया। जिसके बाद आरोपियों ने दोनों पर पत्थर और लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

पिटाई के बाद फरार हो गए आरोपी- पहले सचिन पर हमला किया गया उसके सिर पर लाठी से वार किया गया। सिर फटने से सचिन लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। यह देख कर वहां से भाग रहे कृष्णा को आरोपियों ने दौड़ाया, फिर लाठी से उसकी भी बेरहमी से पिटाई कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

लड़ाई का पता नहीं था, वरना जलता गैस सिलेंडर फेंक देता-पिता- सचिन के पिता बोले मेरा बेटा हिम्मत वाला था। उसके सिर पर पीछे से धोखे से वार किया गया। अगर विवाद की जानकारी पहले हो जाती तो मैं आरोपियों के घर पर जलता हुआ सिलेंडर फेंक देता।

गरमा-गरम

व्यवस्था पर सवाल... *विधानसभा में भी गूंजा था मुद्दा, पर अब तक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं*

आश्रमों-पोटाकेबिनों में साल भर में बीमारियों से 10 बच्चों की मौत

- ■ जिले में ट्राइबल आश्रम 137, 51 छात्रावास
- ■ जिले में 34 आवासीय पोटाकेबिन विद्यालय
- ■ छात्रावास में 15000 बच्चे आश्रम
- ■ पोटाकेबिन में 12000 से अधिक बच्चे

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में साल 2024 में अलग-अलग आश्रम- छात्रावास में दस बच्चों की मौत हुई हैं। आठ बच्चों की मौत बीमारी, एक की मौत का कारण आत्महत्या तो वहीं एक बच्ची की मौत जलने से हुई थी।

बीजापुर जिले में साल 2024 में अलग-अलग आश्रम- छात्रावास में दस बच्चों की मौत हुई हैं। आठ बच्चों की मौत बीमारी, एक की मौत का कारण आत्महत्या तो वहीं एक बच्ची की मौत जलने से हुई थी। इन बच्चों की मौत से आश्रम-छात्रावास की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इन सवालो के बाद कई दौर की जांच भी

सालभर तक होती रही। लेकिन जांच बेनतीजा ही साबित हुई। दरअसल आश्रम छात्रावास में बच्चों को मिलने वाली सुविधा के साथ ही खाने-पाने की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे है। मौत के प्रमुख कारणों में बच्चों का बीमार होना है। उल्टी, दस्त और फूड प्वाइजनिंग जैसे कारणों से बच्चों की मौत से स्पष्ट होता है कि लापरवाही तो हुई है। अगर बच्चों को बेहतर सुविधा के साथ खानपान की अच्छी गुणवत्ता मिलती तो शायद वे सलामत होते।

जिले में आश्रमों–पोटाकेबिनों में लगातार हो रही बच्चो की मौतों का मामला विधान सभा में क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने उठाया था,और जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की थी,परंतु आज पर्यंत तक कोई कार्यवाही नहीं हुई,ना ही आश्रमों और पोटाकेबिनो की व्यवस्था में सुधार हुआ है। हुआ तो सिर्फ पुराने अधीक्षकों को हटाकर नए अधीक्षक की पोस्टिंग।

जिले में विपक्षी पार्टियां हमेशा आरोप लगाती रही हैं कि पोटाकेबिन और आश्रम-छात्रावास का अधीक्षक बनने के लिए जिले में बोली लगती है। एक मोटी रकम सालाना तक का तय है। इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है, कि आश्रम- छात्रावास में बच्चों का कितना ख्याल रखा जाता है। उनकी सेहत जिम्मेदारों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। बच्चों की सेहत से खिलवाड़ का सिलसिला उन्हें परोसे जाने वाले घटिया खाने से होता है। आए दिन आश्रम-छात्रावासों से ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जब बच्चों को गुणवत्ताहीन खाना परोसा जाता है।

पोटाकेबिन में आग लगने से हुई थी बच्ची की मौत

आवापल्ली स्थित पोटाकेबिन में 6 मार्च को आग लगने से एक बच्ची की मौत हो गई थी। इस मामले के बाद पोटाकेबिन की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए थे। दरअसल पोटाकेबिन में आग लगने की घटनाओं से निपटने के कोई इंतजाम नहीं हैं। उस वक्त इस संबंध में आदेश भी जारी किए गए,लेकिन आज भी पोटाकेबिन का संचालन लापरवाही के साथ हो रहा है।

सुविचार

नए वर्ष में नई पहल हो, कठिन जिदंगी और सरल हो।
नए वर्ष का उगता सूरज, सबके लिए सुनहरा पल हो।।

टीम इंडिया में बदलाव की जरूरत

भारतीय क्रिकेट टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच खेल रही है जिसमें भारतीय बल्लेबाज लगातार निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे है। चौथे टेस्ट मैच में भी भारतीय टीम के बल्लेबाजों ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट प्रमियों को निराश किया। मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम के बालरों ने खासतौर पर जसप्रीत बुमराह ने बेहतर प्रदर्शन किया जिसकी वजह से पहली पारी में सौ रनो से पिछडने वाली भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 234 रनों पर ढेर कर दिया था। टीम इंडिया को 340 रन बनाने का टारगेट मिला था। लेकिन भारतीय टीम 155 रनों पर आउट हो गई और उसे 184 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा सिर्फ 9 रन बनाए पाए वहीं विराट कोहली सिर्फ पांच रन बनाकर आउट हो गये। केएल राहुल ने तो खाता भी नहीं खोला। हालांकि यशस्वी जयसवाल ने जरूर एक छोर संभाले रखा और उन्होंने 84 रन बनाए। उन्हें थर्ड अंपायर ने आउट करार दिया। उनका यह फैसला विवादित रहा। जयसवाल का आउट होना ही टीम इंडिया के लिए घातक साबित हुआ। अन्यथा यह मैच ड्रा हो सकता था। बहरहाल इस पूरी सीरिज में टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी रोतिह शर्मा और विराट कोहली का बल्ला चला ही नही और आस्ट्रेलिया 2-0 एक बढ़त बनाने में सफल हो गई। इसी के साथ टेस्ट मैचों के वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम के सीधे फाइनल में पहुंचने का सपना चकनाचूर हो गया। अब पांचवे और अंतिम टेस्ट मैच में भारतीय टीम यदि जीत भी जाती है तो भी यह श्रंखला ड्रा होगी लेकिन इसके बाद भी वह टेस्ट क्रिकेट के वर्ल्ड कप में फाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। भारतीय क्रिकेट टीम में अब बदलाव की सख्त जरूरत है। रोहित शर्मा और विराट कोहली को अब खुद ही सन्यास लेने की घोषणा कर देनी चाहिए। जिस तरह रविचंद्रन आश्विन ने आस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ही क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उसी तरह अब रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी सम्मानजनक ढंग से विदाई ले लेनी चाहिए। ताकि उनकी जगह नई प्रतिभाओं को अवसर मिले। रोहित शर्मा और विराट कोहली को सिर्फ वन डे मैचो पर अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। टेस्ट मैच में लंबी पारी खेलना अब उनके वश की बात नहीं रही । जहां तक विराट कोहली का सवाल है तो उनकी आंखो में समस्या आ गई है जिसकी वजह से वे सॉट का चयन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए बेहतर होगा कि वे क्रिकेट से सन्यास ले ले। ताकि नए खिलाड़ी टेस्ट मैचों के वर्ल्ड कप में अपनी प्रतिभा दिखा सकें और टीम इंडिया को विश्व विजेता बना सकें। बीसीसीआई को टीम इंडिया में बदलाव करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।

लोकलुभावन घोषणाओं की बौछार

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक बार फिर जीत हासिल करने के लिए आम आदमी पार्टी ने घोषणाओं का पिटारा खोल रखा है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अब मंदिरों के पुजारियों और गुरूद्वारों के ग्रंथियों के लिए भी प्रतिमाह अठारह हजार रूपये वेतन देने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि जब 2013 में नई दिल्ली में पहली बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी तब अरविंद केजरीवाल ने मस्जिदों के मौलवियों के लिए अठारह हजार रूपये महीना वेतन देने की घोषणा की थी। इसके बाद से ही मंदिरों के पुजारियों ने भी केजरीवाल सरकार से वेतन देने की मांग करना शुरू कर दिया था। किन्तु उनकी इस मांग पर आम आदमी पार्टी की सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया लेकिन अब विधानसभा चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए आम आदमी पार्टी ने पुजारियों के साथ ही ग्रंथियों के लिए भी यह लोकलुभावन घोषणा कर दी है कि उन्हें भी मौलवियों की तरह ही हर माह अठारह हजार रूपये दिये जाएंगे। यह बात अलग है कि नई दिल्ली के मौलवियों को पिछले ढेड़ साल से वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर वहां के मौलवी आंदोलित हैं। मौलवी शोयेब जमई ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार मौलवियों का वेतन रोककर उनके साथ भेदभाव कर रही है जब उनके पास मौलवियों को देने के लिए पैसा ही नहीं है तो इस तरह की घोषणा क्यों की गई थी। उन्होंने तो अरविंद केजरीवाल के निवास का घेराव करने की भी चेतावनी दी है। इधर भाजपा और कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी द्वारा घोषणाओं की झडी लगाने पर तिखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि यह अरविंद केजरीवाल का चुनावी स्टंट है। यदि पुजारियों और ग्रंथियों की उन्हें इतनी ही चिंता है तो उन्होंने पहले उनके लिए वेतन देने की घोषणा क्यों नहीं की थी। इसी तरह कांग्रेस ने भी इस घोषणा को लेकर आम आमदी पार्टी पर निशाना साधा है।

प्रेरक प्रसंग

कुंम्भ स्नान की 9 तिथियाँ

आगामी पौष शुक्ल पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी तक प्रयागराज कुम्भ महापर्व है। (13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक)।

1 पूर्णिमा स्नान : पौष शुक्ल पूर्णिमा सोमवार दिनांक 13 जनवरी 2025।
2 मकर संक्रान्ति स्नान : माघ कृष्ण प्रतिपदा मंगलवार दिनांक 14 जनवरी 2025।
3 षट्तिला एकादशी स्नान : माघ कृष्ण एकादशी शनिवार दिनांक 25 जनवरी 2025।
4 प्रदोष एवं मासिक शिवरात्रि स्नान : माघ कृष्ण त्रयोदशी सोमवार दिनांक 27 जनवरी 2025।
5 मौनी अमावस्या स्नान : माघ कृष्ण अमावस्या बुधवार दिनांक 29 जनवरी 2025।
6 बसंत पञ्चमी स्नान : माघ शुक्ल पञ्चमी सोमवार दिनांक 3 फरवरी 2025।
7 जया एकादशी स्नान : माघ शुक्ल एकादशी शनिवार दिनांक 8 फरवरी 2025।
8 माघी पूर्णिमा स्नान : माघ शुक्ल पूर्णिमा बुधवार दिनांक 12 फरवरी 2025।
9 महाशिवरात्रि पर्व : फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी बुधवार दिनांक 26 फरवरी 2025।

मुख्य स्नान तिथि : मकर संक्रान्ति 14 जनवरी 2025; मौनी अमावस्या 29 जनवरी 2025 और बसंत पञ्चमी 3 फरवरी 2025 है। इसमें मौनी अमावस्या पर स्नान का अत्यधिक महत्व है।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:18, सूर्यास्तः 05:30, चन्द्रोदयः07:41, चन्द्रास्तः17:44, अयनः दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुःशिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मासः पौष, पक्षः शुक्ल, तिथिः द्वितीया, नक्षत्रः उत्तराषाढ, योगः व्याघात, प्रथम करणः किंस्तुघ्न (15:42 तक), द्वितीय करणः बव (27:21 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य -धनु, चंद्र -मकर (30:01 से), मंगल-कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध-वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु-वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र -कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु -मीन, केतु -कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तराषाढ नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (भे, भो, जा, जी) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

नया वर्ष स्त्रियों के अधिकारों और सम्मान का वर्ष हो..

नव वर्ष 2025 के आगमन पर केवल शुभकामनाओं और बधाइयों के संदेश का आदान-प्रदान और उत्सव ना होकर नया वर्ष स्त्रियों के संपूर्ण सम्मान तथा वास्तविक अधिकार देने का वर्ष होना चाहिए। नव वर्ष में स्त्री, बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए एक महती कार्य योजना तैयार कर उनका संरक्षण तथा उन्नयन निश्चित होना चाहिए। भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया है। यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता है। यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता है। नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है।

संजीव ठाकुर

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सदगुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं। अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सदगुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था। विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है।

खेल जगत के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा 2024

2024 का वर्ष खेल जगत के लिए कई मायनों में अद्वितीय, ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा। यह वर्ष न केवल नई उपलब्धियों और नए रिकॉर्ड का गवाह बना बल्कि कई युवा खिलाड़ियों के उदय के अलावा खेल में नई तकनीकों के समावेश का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। खेल संस्कृति में बदलाव और तकनीकी उन्नति के कारण खेलों के अनुभव को नई ऊंचाईयां मिली। वर्ष 2024 भारतीय खेलों में क्रिकेट, ओलंपिक, पैरालंपिक, शतरंज ओलंपियाड और फिडे विश्व चैंपियनशिप में सफलता के लिए याद किया जाएगा। भारतीय एथलीटों ने इस वर्ष विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसे खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। क्रिकेट से लेकर टेनिस, हॉकी, शतरंज के अलावा भारत ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में भी अपना लोहा मनवाया। भारत का इन खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन रहा, जिससे समस्त देशवासी गौरवान्वित हुए। भारत में आयोजित एशियाई खेल और विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप ने वैश्विक स्तर पर भारत को एक प्रभावशाली खेल मेजबान के रूप में स्थापित किया। एक क्रिकेट विश्व कप, 6 ओलंपिक पदक, 29 पैरालंपिक पदक और दो शतरंज विश्व चैंपियनशिप सहित 2024 ने भारतीय खेल प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई ऐसे अवसर प्रदान किए, जिससे खेलों की दुनिया में भारत का भविष्य उज्जवल नजर आता है।

योगेश कुमार गोयल

2024 में खेलों में तकनीकी उन्नति ने निर्णायक भूमिका निभाई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रदर्शन विश्लेषण को नई दिशा प्रदान की। इसके अलावा दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) तकनीक का उपयोग किया गया। विश्वनाथन आनंद के बाद इस वर्ष शतरंज के नए चैंपियन उभरकर दुनिया के सामने आए और शतरंज ने खेल प्रेमियों को जश्न मनाने का भरपूर मौका दिया। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में 45वें चेस ओलंपियाड का आयोजन हुआ था, जिसमें पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमों और महिला वर्ग में 181 देशों की 183 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत की पुरुष और महिला दोनों ही टीमों ने सितंबर में इस ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते, वहीं डी गुकेश और कोनेरू हम्पी ने दिसंबर में विश्व खिताब के साथ नई ऊंचाईयों को छुआ। 12 दिसंबर को सिंगापुर में आयोजित विश्व शतरंज चैंपियनशिप में गुकेश ने महज 18 वर्ष की आयु में पिछली बार के शतरंज चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनकर नया इतिहास रचा। वह विश्वनाथन आनंद के बाद वैश्विक खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने, वहीं 37 वर्षीया हम्पी ने 28 दिसंबर को अपने कैरियर में दूसरी बार महिलाओं का रैपिड विश्व खिताब जीता।

पिछले साल भारत वनडे विश्व कप 2023 का खिताब जीतने से चूक गया था लेकिन इस वर्ष आईसीसी ट्रॉफी जीतने का 11 वर्ष का सूखा समाप्त करने में भारत सफल हुआ। आखिरी बार महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारत ने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। रोहित शर्मा की कप्तानी में 30 जून 2024 को भारतीय टीम ने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर टी20 विश्व कप का खिताब जीता। इसी प्रकार भारतीय हॉकी टीम ने पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। भारत की ओर से जुगराज सिंह ने गोल दागा था, जिसकी बदौलत भारतीय टीम ने चीन को 1-0 से मात देते हुए यह खिताब अपने नाम किया। टेनिस में रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में इटली के सिमोन बोलेली और वावसोरी को मात देकर मेंस डबल्स का खिताब जीता और ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बने। उन्होंने 43 वर्ष की उम्र में यह खिताब अपने नाम किया। जहां तक ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत के प्रदर्शन की बात है तो पूरी उम्मीद थी कि भारत इस वर्ष पेरिस में ओलंपिक में नया इतिहास लिखेगा लेकिन 206 देशों के बीच भारत 71वें स्थान पर रहा और भारत का अभियान 1 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 6 पदकों के साथ समाप्त हो गया जबकि टोक्यो ओलंपिक में 1 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य सहित 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। महिला पहलवान विनेश फोगाट का 100 ग्राम वजन अधिक होने का मामला भारत की पदक उम्मीदों पर सबसे ज्यादा भारी पड़ा था क्योंकि उनके स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें लगभग पक्की हो चुकी थी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1862 में आज ही के दिन भारतीय दंड संहिता लागू किया गया था।1880 में 1 जनवरी के दिन ही भारत में मनी आर्डर प्रणाली की शुरुआत हुई थी।1906 में आज ही के दिन ब्रिटिश सरकार ने भारतीय मानक को स्वीकार किया था।1909 में 1 जनवरी के दिन ही अमेरिका ने निकारागुआ पर हमला किया था।1912 में आज ही के दिन रिपब्लिक ऑफचाइना की स्थापना हुई थी। 1915 में 1 जनवरी को ही महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिए वायसरॉय ने केसर-ए-हिंद से सम्मानित किया था।1918 में आज ही के दिन उत्तर-पूर्वी यूरोपीय देश लताविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1948 में 1 जनवरी के दिन ही इटली का संविधान अस्तित्व में आया था। 1949 में आज ही के दिन कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई थी। 1951 में 1 जनवरी को ही ब्रिटिश सेना ने मिस्र के इस्मालिया क्षेत्र पर कब्जा किया था। 1955 में आज ही के दिन भूटान ने पहला डाक टिकट जारी किया था। 1972 में आज ही के दिन बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दिसंबर के जाने

दिसंबर के जाने से या फिर जनवरी के आने से फरवरी के ठहरने से भी क्या होगा भाग्य में लिखा है तुम्हारा न मिलना और मेरा न लौटना कैलेंडर केवल कुछ पन्नों का महज एक दस्तावेज है मेरे लिए जिसकी हर तारिख पे नमक का हिसाब आज भी बाकी है । - **सरिता सैल**

ख़ूयालों के ख़ंजर

ख़ूयालों के ख़ंजर तेज बहुत है खुश वही जो सोचता कुछ नहीं। मिलने-मिलाने की बात हुई थी सामने ही रहे पर कहा कुछ नहीं। जिंदगी के आगे गिला कुछ नहीं पर इसके अलावा मिला कुछ नहीं। नजरें चुराते तो सब देख रहे थे जैसे किसी को पता कुछ नहीं। अपनों को अपना कह लेता हूँ बस सारे रिश्ते हैं नफा कुछ नहीं। - **सपना चन्द्रा**

ख़ास पाती | तेरा मेरा जो ये रिश्ता हुआ है'

तेरा मेरा जो ये रिश्ता हुआ है' इसी से क़ौमों में झगड़ा हुआ है। मुहब्बत का ज़माना वो जुदा था अभी रिश्तों का सच पैसा हुआ है। चराग़े-इश्क़ यूँ कब तक जलेगा, निशाना आंधी का बहका हुआ है। तुम्हारे गांव में है भाई चारा, हमारे शह्र में बलुवा हुआ है। पुलिस भी टुच्ची है सिस्टम भी टुच्चा है, वतन में बदमाशों का रुतबा हुआ है। है नेकी का समंदर रोता दानी, किनारा-ए-बदी पुख्ता हुआ है। उजाला बदजनों की ज़ेब में है, अंधेरों ने उसे घेरा हुआ है। - **डॉ संजय दानी**

कुछ ख्वाब देखे हैं आंखों न

कुछ ख्वाब देखे हैं आंखों ने.. कुछ अरमान दिल ने सजाये हैं, रास्ते आसान तो नहीं लेकिन.. मुश्किलों से कहां घबराये हैं, दिल में उम्मीद और हौसला लेकर.. सफ़र में निकल आयें हैं, लोगों के ताने का फर्क नहीं जिद पर हम भी उतर आये हैं।। - **अरूना राव**

भरी महफिल में उसका सिर झुकाने

भरी महफिल में उसका सिर झुकाने जा रहे हैं वो। किया एहसान जो उस पर जताने जा रहे हैं वो।। बुढ़ापे में अकेला छोड़कर, माता-पिता को क्यों। पराए देश में पैसा, कमाने जा रहे हैं वो। न जाने कौन उनको दे रहा, जलती मशाले ये। बचाना था जिन्हें घर को, जलाने जा रहे हैं वो।। करी साजिश जमाने ने, जिन्हें बर्बाद करने की। उन्हीं के घाव पर मरहम, लगाने जा रहे हैं वो।। गुलाबों ने कहा रोकर, बचा लो हम प्रसूनो को। मृदा बंजर बनाकर गुल, खिलाने जा रहे हैं वो।। परिंदों को किया बेघर, जिन्होंने काट के ड़ाली। विटप के लाभ दुनिया को, बताने जा रहे हैं वो । - **शालिनी शर्मा**

काँटों की चुभन को बस तितलियाँ

काँटों की चुभन को बस तितलियाँ समझती हैं दर्द-ए-दिल मुहब्बत में दूरियाँ समझती हैं किस क़दर मैं ने ढूँढ़ा रास्ता मुहब्बत का इश्क़ की थकन को पगडंडियाँ समझती हैं सिलवटें ये बिस्तर की करती हैं बयाँ सब कुछ सिसकियाँ समझती हैं हिचकियाँ समझती हैं हुस्न का नशा पल भर में उतर ही जाएगा जिस्म की हक़ीक़त परछाइयाँ समझती हैं ख़्वाहिशें मुहब्बत की दफ़्न हैं रिवाजों में ख़्वाहिशों की चाहत को चूड़ियाँ समझती हैं - **दिनेश भोपाली**

नए साल की मुबारकबाद देने से

नए साल की मुबारकबाद देने से क्या होगा पुराना साल बदला है मुकद्दर थोड़ी ना है । आ गई जनवरी सपने दिखाने के लिए ये जाती साल का दिसम्बर थोड़ी ना है। वो तो कभी बदलता ही नहीं है आजीवन जनाब वो साला है कोई साल थोड़ी ना है। - **तपन मुखर्जी**

उदय व अस्त प्रकृति का यूं कहे

उदय व अस्त प्रकृति का यूं कहे जिंदगी का एक हिस्सा हैं आना जाना,उत्पन्न अवसान बस यही तो रंग रूप है और दोनो ही अवधि में,काल में रंग व रूप एक से हो जाया करते है जैसे सूर्य का सूर्योदय व सूर्यास्त के समय इंसान जीवन के भी रूप रंग एक से होते है इंसान जब पैदा होता धीरे धीरे बढ़ता है आश्रित से आत्मनिर्भरता की ओर फिर पुनः शिशु बालक,जवान फिर उम्र के एक पड़ाव पे आकर आत्मनिर्भरता के बिछड़ने के बाद पुनः आश्रित हो जाता है, तन मन से बच्चे व बुजुर्ग,वृद्ध आइए इन रूप रंग को स्वीकारे,सहेज के रखे,संवारे,सम्मान दे,स्नेह दे उदय व अस्त के बीच के समय का ऐसे उपयोग करे,ऐसे काम करे ताकि सभी हाथ आपकी तरफ जुड़े सम्मान दे,आप रहे या न रहे इस धरती लोक में - **सत्रुंजय तिवारी**

QUIZ TIME

1) भारत और किस देश ने कुडनकुलम परमाणु संयंत्र की भविष्य की बिजली इकाईयों के निर्माण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

2) पहली इंट्रा डिस्ट्रिक्स हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन हाल ही में किसके द्वारा किया गया?

3) भारत के किस प्रदेश में ऊसर मृदाओं का क्षेत्रफल सर्वाधिक है?

4) भारत में शास्त्रीय नृत्य कितने प्रकार के पाए जाते हैं?

5) ब्रेकिंग द मोल्डः रीइमेजिनिंग इंडियाज इकॉनॉमिक फ्यूचर नामक पुस्तक हाल ही में किसके द्वारा लिखी गयी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रूस (2) योगी आदित्यनाथ (3) उत्तरप्रदेश (4) 8 (5) रघुराम राजन

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आप आराम से बितायेंगे। सेहत लगभग सामान्य ही रहेगी थोड़ी पेट सम्बंधित समस्या रह सकती है।

वृषःआज परिस्थितियां आपके विपरीत रहने वाली है प्रत्येक कार्य सोच समझ कर करें। व्यवहारिक जगत में भी आज विवेक का परिचय दें।

मिथुनःआज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी। कार्यो को आप लाभ-हानि की परवाह किये बिना अपनी ही मस्ती में करेंगे जिससे बाद में कोई गलती उभरेगी।

कर्कः आज के दिन कभी खुशी तो कभी निराशा मिलने से मन ठोस निर्णय लेने की स्थिति में नहीं रहेगा।

सिंहःआज आप योजना बना कर कार्य करेंगे फिर भी सफलता की संभावना संदिग्ध ही रहेगी। परिजन आपकी कार्य प्रणाली से परेशान रहेंगे।

कन्याः आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा। आज के दिन आपको आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

तुलाःदिन का पहला भाग आनंद से व्यतीत करेंगे सुख के लगभग सभी साधन उपलब्ध होंगे लेकिन आलस्य अधिक रहने से लापरवाही बढ़ेगी।

वृश्चिकःआज का दिन आप सुख-शांति से व्यतीत करेंगे।छोटी-मोटी परेशानियों को छोड़ स्वस्थ रहेंगे। सहयोग मिलने पर आकस्मिक लाभ कमा सकेंगे।

धनुः दिन शुभफली रहेगा। स्वार्थ सिद्धि की भावना प्रबल रहेगी। दिमाग में केवल पैसा ही रहेगा। आपकी पहचान धनवानों जैसी रहेगी।

मकरःआज का दिन आपकी आशाओं के विपरीत रहने से बनी बनाई योजनाएं अधर में लटक सकती है। आर्थिक हानि होने की सम्भवना है।

कुंभःआज के दिन आपकी सोच के विपरीत घटनाएं घटने से आश्चर्यचकित रहेंगे। आकस्मिक लाभ होने की संभावना है।

मीनः बीते दिनों की अपेक्षा राहत भरा रहेगा। पिछली गलतियों से सीख लेकर आज संयम बरतेंगे फिर भी महत्त्वपूर्ण कार्यो में असफलता मिलने से मानसिक रूप से अशान्त रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 282 का हल

न्यूज गैलरी

सेवानिवृत्ति पर बीएसपी निदेशक प्रभारी दासगुप्ता ने दी विदाई

भिलाई। इस्पात संयंत्र की सेवा से दिसम्बर 2024 माह में कुल 74 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 07 कार्यपालक व 67 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। दिसम्बर 2024 में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एल एंड डी एवं बीई) निषा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संदीप माथुर ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

सेजस ने मनाया सुशासन सप्ताह

कुम्हारी। सेजेस जंजगिरी में सरकार गठन का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, न्यौता भोज, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी अनेक योजनाओं पर आकर्षक रंगोली तथा पोस्टर बनाया गया। कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने पोस्टकार्ड में पत्र लेखन किया। मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता के द्वारा छात्राओं का प्रस्तुतीकरण मनमोहक रहा। विद्यालय की प्राचार्य मिनी गोपीनाथन एवं दर्शना मेश्राम, सविता देवांगन के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। जिसमे स्टाफ का सहयोग रहा।

5 को नोटिस, 2 का अनुबंध निरस्त

दुर्ग। जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा उपरांत जल जीवन मिशन के कार्य में रूचि न लेने एवं समानुपातिक प्रगति न दे पाने वाले 20 एजेन्सियों को अंतिम चेतावनी दी गई है। 2 एजेन्सी (मेसर्स श्री राम ट्रेडर्स एंड इन्वेस्टर्स दुर्ग, मेसर्स गगन ट्रेडर्स, बेमेतरा) का अनुबंध निरस्त किया गया। दोनों एजेन्सियों को ब्लैक लिस्ट कर भविष्य में जल जीवन मिशन के कार्यों में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। कार्यपालन यंत्री उत्कर्ष पाण्डेय से मिली जानकारी अनुसार समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों में रूचि न लेने वाले 05 एजेन्सियों को नोटिस जारी किया गया है तथा उनके आगामी समयावृद्धि प्रकरण में अर्थदण्ड लगाये जाने का निर्णय लिया गया है।

चार का इलाज जारी, निगम के अधिकारी ने कहा, यह आकस्मिक बीमारी

पुरैना बस्ती में फैला डायरिया, महिला की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर निगम क्षेत्र में डायरिया से एक महिला की मौत हो गई है। यहां एक वार्ड में डायरिया से कई लोग बीमार हो गए हैं। चार लोगों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। इसके बाद भी रिसाली निगम के जिम्मेदार अधिकारी इसे आकास्मिक बीमारी बता कर पल्ला झाड़ रहे हैं। उनका कहना है कि यदि पानी से डायरिया फैलता पूरे निगम क्षेत्र में फैलता। निगम के वार्ड 39 पुरैना बस्ती में डायरिया अपना पैर पसार रहा है। यहां कई घरों में डायरिया के मरीज मिले हैं। वार्ड 39 की रहने वाली लक्ष्मी चंद्राकर नाम की महिला की डायरिया से मौत हो गई है। लक्ष्मी को उल्टी दस्त

की शिकायत के चलते रविवार देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। डायरिया के 4 पीड़ितों का इलाज अभी भी चल रहा है। पिछले 2 दिनों में यहां कई लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। इसमें कुछ तो घर में ही ठीक हो गए, लेकिन 4 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुरैना बस्ती में रहने वाले एक 55 वर्षीय व्यक्ति को भी डायरिया की शिकायत के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसे दो दिनों के इलाज के बाद कुछ राहत मिली है।

वार्ड में तैनात मितानिन ने कहा कि उसे देर रात डायरिया पीड़ित महिला के बारे में जानकारी मिली थी। वे उनके घर पहुंची और 108 को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस वहां मरीज लेने नहीं पहुंची। इसके बाद महिला ने घर के लोगों से कहकर एक निजी गाड़ी बुक की और महिला को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर हालत के चलते महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

एक तरफ जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर मितानिन के साथ बीमारी का सर्वे कर रही है, वहीं रिसाली नगर निगम के अधिकारी लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। पाटन बीएमओ डॉ. बी कठौती ने कहा कि वो घरों का सर्वे करके उन्हें दवा दे रहे हैं। दो लोगों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। वहीं निगम के अधिकारी गोपाल सिन्हा इसे आकस्मिक बीमारी बता रहे हैं। उनका कहना है कि यदि निगम के पानी से डायरिया फैला होता एक वार्ड में नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में होता।

जब वार्ड के लोगों और महिलाओं से बात की गई तो कुछ ने बताया कि उनके घर में जो पानी आता है उस पानी में तालाब के पानी की तरह बदबू आती है। कई का कहना है कि उन्होंने बाहर लगे नल से पानी भरना शुरू किया तो उसमें कीड़े मिले। निगम के अधिकारियों का कहना है कि पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

आज मैत्रीबाग में पेटीएम व ऑफ लाइन टिकिट सुविधा

भिलाई। एक जनवरी को मैत्रीबाग एवं चिड़ियाघर पर्यटकों के दर्शनार्थ खुला रहेगा। नववर्ष के आगमन पर आस-पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में पर्यटक, मैत्री बाग में मनोरंजन एवं पर्यटन के उद्देश्य आते है। अतः पर्यटकों को टिकिट लेने संबंधी किसी भी प्रकार से असुविधा न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए टिकिट खरीद का कार्य पेटीएम मषीन एवं टिकिट (दोनों) के द्वारा किया जाएगा। नववर्ष के दिन भीड़ में लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े, इस कारण यह सुविधा भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। नववर्ष पर मैत्रीबाग में व्यापक जनसमूह उत्सव मनाने के लिए एकत्र होती है। इसे ध्यान में रखते हुए मैत्री बाग प्रबंधन और संयंत्र प्रबंधन सुरक्षा, साफ-सफाई और व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी करता है। मैत्रीबाग प्रबंधन नववर्ष में आने वाले पर्यटकों से कहा है कि वे साफ-सफाई और सौंदर्य को बनाए रखने में सहयोग करें।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह की प्रतिमा होगी स्थापित

एमआईसी की बैठक : कई विकास कार्यों पर लगी मुहर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम के डाटा सेंटर में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक मेयर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति राजेश यादव व एमआईसी सदस्यगण, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।एमआईसी की बैठक में सर्व सम्मति से शहर विकास में निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया। बता दे कि 66 सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयो के मरमत व संधारण कार्य हेतु टॉयलेट कैम्पेन के तहत 15वे वित्त आयोग के अंतर्गत राशि 230.57 लाख का प्राक्कलन को पारित किया गया है। बस स्टैंड मुख्य भवन भूतल में एटीएम मशीन लगाने हेतु शर्त अनुमति देने प्रस्ताव पारित किया गया। मेयर इन काउंसिल की बैठक में स्व. डॉ मनमोहन सिंह की प्रतिमा स्थापित करने हेतु एमआईसी प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया द्वारा मांग की गई। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री स्व. डॉ मनमोहन सिंह की प्रतिमा को शहर में स्थान दिया जाने हेतु निर्णय लिया गया। शहर में कार्य स्थल चिन्हित कर प्रतिमा का निर्माण किया जाएगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छग प्रदेश जिला दुर्ग द्वारा जिसमें अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद तथा शहीदे आजम भगत सिंह के निकटतम सहयोगी रहे क्रांतिवीर सुखदेव राज, दुर्ग शहर के जिस भवन में दस वर्ष तक रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा की तथा अंतिम सांस ली उक्त जर्जर भवन के मूल स्वरूप को बनाये रखते हुए जीर्णोद्धार कर स्मारक के रूप में विकसित करने तथा भवन के सामने कांतिवीर सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित करने अनुरोध किया गया हैं। उपरोक्तानुसार जर्जर भवन के मूल स्वरूप को बनाये रखते हुए जीर्णोद्धार कर कांतिवीर सुखदेव राज के स्मारक के रूप में विकसित करने तथा भवन के सामने कांतिकारी सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित करने की स्वीकृति हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत प्रकरण को स्वीकृति मिली। इसके अलावा स्व. प्रहलाद तिवारी शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी व नगर पालिका अध्यक्ष थे। पूर्व में वर्षो तक छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष रहे हैं। दुर्ग शहर का वर्तमान स्वरूप उनकी दूरगामी सोच का परिणाम हैं जिसकी नींव उन्होंने अपने नपा अध्यक्षता के कार्यकाल दौरान रखी। उनके नाम पर होगा सड़क मार्ग। बैठक में अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोविया, जमुना साहू, सत्यवती वर्मा, अनूप चंदानिया, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहनपूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, वीपी मिश्रा, राजेन्द्र ढबाले, रमाकांत शर्मा, आरके बोरकर, थानसिंह यादव ,पंकज चंद्रवंशी मौजूद रहें।

शिक्षक नगर में होगा पानी टंकी का निर्माण

छग राज्य शासन के निर्देशानुसार जाति प्रमाण पत्र हेतु निगम क्षेत्र अंतर्गत 161 पात्र आवेदको की सूची जारी किया गया। जिसमें 25 आवेदनों में त्रुटि पाए गये, संशोधित आदेश जारी किया जाना व 25 हितग्राहियों की सूची संग्लन प्रकरण को पारित किया गया। रायपुरनाका मुक्तिधाम रिक्त दुकान प्राप्त ऑफर निविदा समिति की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा स्व. प्रहलाद तिवारी शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी व नगर पालिका अध्यक्ष थे। स्व. तिवारी दुर्ग शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी एवं वे पूर्व में वर्षो तक छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज एवं बार एसोसिएशन के भी अध्यक्ष रहे हैं। दुर्ग शहर का वर्तमान स्वरूप उनकी दूरगामी सोच का परिणाम हैं जिसकी नींव उन्होंने अपने नगर पालिका अध्यक्षता के कार्यकाल दौरान रखी। उनके नाम पर होगा सड़क मार्ग। गया नगर वार्ड 3 में स्थित खेल मैदान में बैडमिंटन कोर्ट, शिक्षक नगर में पानी टंकी निर्माण 15वे वित्त मद अंतर्गत प्रस्ताव पारित किया गया।

परिजनों का हंगामा, मुआवजा मिलने पर हुए शांत

डामर प्लांट में ट्रक की चपेट में आया मजदूर, मौत

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले के डामर प्लांट में एक हाईवा ने मजदूर को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने डामर प्लांट के मालिक से मुआवजा दिलाया। जिसके बाद शव उठाया गया। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, बानबरद से डोंगरिया रोड में अग्रवाल डामर प्लांट स्थित है। यहां मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे काम कर रहा मजदूर अशोक कोसरे पिता गोकुल कोसरे (45) हाईवा की चपेट में आ गया। हाईवा उसके ऊपर से गुजर गई। जिससे उसकी जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, हाईवा में डामर लोड हो रहा था। इसी दौरान उसने जैसे ही उसे बैक किया। बाएं तरफ डामर समेटने में लगा मजदूर अशोक कोसरे उसकी चपेट में आ गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मजदूर के परिजन पहुंच गए। नंदिनी पुलिस ने पहुंचकर शव को उठाने की कोशिश की तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की। लेकिन वो नहीं माने और हंगामा करते रहे। परिजनों ने बताया कि अशोक पिछले 8 माह से काम करता था। बीमारी के चलते कुछ दिनों से वो ड्यूटी पर नहीं आ रहा था। एक दिन पहले ही वो काम पर लौटा और मंगलवार को उसकी दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों ने हाईवा चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

हाईवा की चपेट में आने से 11 वर्षीय बालक की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

अंजोरा। ग्राम रसमड़ा में हाइवे बोगदा पुल के पास एक दर्दनाक घटना घटी। रविवार को रात्रि 8 बजे के करीब एक रेत से भरी हाईवा ने 11 वर्षीय बालक कमलेश यादव को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। कमलेश यादव अपने साइकिल से घर की ओर जा रहा था, लेकिन हाईवा ड्राईवर ने उसे देखा नहीं और ठोकर मार दी।

कमलेश यादव को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम रसमड़ा में हाइवे बोगदा पुल की एक ओर इंदिरा आवास शीतलापारा नर्सरी से लेकर 12वी तक स्कुल वहीं दूसरी ओर पुरानी बस्ती की घनी आबादी से लगे शा. अस्पताल, कन्या प्रा. शाला, औद्यो. केन्द्र प्रा.शाला, गांधी विद्या मंदिर, गौठान आमबाजार बुधवारी एवं इतवारी वहीं इतने ही दुरी में व्यायसायिक परिसरों से होते हुए सुबह 6 बजे के पाली सुबह 9 की पाली, दोपहर 2 की पाली एवं रात 10 की पाली के लिए कंपनी कर्मचारियों का साइकिल मोटर साइकिल, एवं पैदल आना जाना रहता है। वहीं सुबह 6-7 बजे से नर्सरी बच्चो सहित 8 बजे से सुबह 11 बजे एवं दोपहर 12 बजे से शाम 4-5 बजे तक स्कूली बच्चे पैदल साइकिल, ऑटो स्कुल बसो आदि से स्कूल के लिए आना जाना रहता है साथ ही इसी सड़क से ही हर मजदुर, व्यापारियो एवं सप्ताह में दो बार रविवार एवं बुधवार का इसी सड़क से आम बाजार के लिए आवागमन रहता है इस तरह सुबह 5-6 बजे से रात 11 बजे तक लोगों की भीड़ का दबाव बना रहता है और इसी रोह में चौबीसो घंटो कंपनी आने जाने के लिए हाईवा, ट्रेलर, ट्रक, रोडर, क्रेन, जेसीबी आदि भारी वाहनो को टोल टेक्स बचाने के चक्कर में रोज शासन का लाखो का नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं रोज गंभीर दुर्घटनाओ को आंमत्रण दे रहे है। जिसका खामियाजा रविवार को रात्रि 8 बजे के करीब रेत से भरी हाईवा वाहन जो कंपनी के लिए आ रहा था। हाईवा ड्राईवर ने बच्चे कमलेश यादव रौंद दिया जिसके मौत के बाद, ग्रामीणजनों ने हाईवे पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

पीएम आवास योजना में आज जमा होगी राशि

भिलाई। पीएम आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारी के रूप में निवासरत परिवारों एवं वरिष्ठ नागरिकजनन/दिव्यांगजनों से विभिन्न परियोजना स्थल वार्ड1 एनारस्टेट खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद, कृष्णा इंजिनियरिंग कालेज खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, अविनाश मेट्रोपालिश कोहका, ग्रीनवेली अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवास हेतु 1018 आवेदन प्राप्त हुए हैं आवेदनों की सूची मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने

स्वाध्याय और आत्मसात करने का सुनहरा अवसर : परमार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। स्वाध्यायात मां प्रमद अर्थात स्वाध्याय में प्रमाद नहीं होना चाहिए और साथ ही साथ प्रवचन में भी प्रमाद नहीं करना चाहिए। स्वाध्याय यानी अपना निज का अध्ययन, अपना निरीक्षण परीक्षण करना, अपने को पहचाना मैं कौन हूं, मुझे कहां जाना है, वह कितना दूर है? अपनी अतः शुद्धि के लिए जो होता है, वह स्वाध्याय है। नामः स्मरण भी स्वाध्याय का अंग है स्वाध्याय की प्रेरणा हम

सभी को ब्रह्म विद्या मंदिर पवनार में होने वाले 5 दिवसीय राष्ट्रीय गीता प्रवचन स्वाध्याय की अद्भुत शिविर से मिला। उक्त जानकारी अमित परमार ने दी। इसका आयोजन उषा दीदी, गंगा मां के द्वारा देश भर से कुछ लोगों को गीता का स्वाध्याय करके भाग लेने के लिए बुलाया गया था। रमेश भैया द्वारा इसका समापन किया जाता है। वेबीनार का लाभ फेसबुक और व्हाट्सएप समूह से जुड़कर सैकड़ो श्रोता लेते हैं जिसमें ब्रह्म विद्या मंदिर से लोगों का जुड़ना होता है। इसमें अजय कल्याणी छग से, अनिल उपाध्याय जौनपुर, डा. अलका ज्ञानप्रकाश लखनऊ,दीपिका दिल्ली, विमला दीदी शाहजहांपुर, संजय राय हरिजन सेवकर संघ, चतुरा, धनंजय राय, डॉ. मनोज मीता, गीता देशमुख, जयेश पटेल गुजरात, ज्योति दीदी, कुसुम, नाथूराम, राधे कृष्णा शर्मा, प्रोफ़ेसर संजय काशी विद्यापीठ, श्वेता, सिद्धार्थ सिंह, सुभाष पाटिल अन्य जुड़ते है।

चाइनीज मांझा विक्रेताओं के खिलाफ निगम का छापामार अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छग शासन के आदेश पर निगम क्षेत्र में गठित दल द्वारा लगातार चाइनीज मांझा खरीदी एवं ब्रिकी करने वालों पर कार्यवाही कर रही है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि दुकानदार अपने थोड़े से लाभ कमाने के लिए खतरनाक चाइनीज मांझा का चोरी-छिपे विक्रय कर रहे है। चाइनीज मांझा के उपयोग से स्वयं, राहगीर, पक्षी

आदि दुर्घटना के शिकार हो जाते है। कभी भी पतंग के धागे से घटनाएं होने की पूरी संभावना बनी रहती है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि जो भी दुकानदार चाइनीज मांझा का बिक्री करते या कोई नागरिक इसे खरीदते दिखे तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें एवं उनसे अर्थदण्ड की वसूली की जाए। संबंधित के पास से चाइनीज मांझा पाये जाने पर उसे तत्काल जप्त की जावे। साथ ही उन्हे समझाइस दी जाए की आपके द्वारा शासन के आदेशो का उल्लंघन करने पर 5 साल की जेल के साथ 1 लाख रूपये तक का जुर्माना या फिर दोना सजा हो सकती है। छत्तीसगढ़ के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने चीनी धागों की खरीदी और ब्रिकी को मददेनजर रखते हुए अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर इसे दण्डनीय अपराध करार दिया है। जोन 4 क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित मांझा बेचने पर 9सौ की चालानी कार्यवाही की एवं मांझा जप्त किया। नहीं मानने वाले दुकानदारो का गुमश्ता निरस्त व सील की कार्यवाही की जावेगी।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202412101000211 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202412101000211/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक राधेश्याम सोनी पिता बिसेशवर सोनी निवासी फरीद नगर वार्ड नं. 08 सुपेला भिलाई ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 7393 रकबा 0.0200 हे. है। भूमिस्वामी पवन सोनी पिता बिसेशवर सोनी के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी पवन सोनी पिता बिसेशवर सोनी की मृत्यु दिनांक 22.07.2004 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने बाबत। आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छ्या प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22/01/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202412100900087 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक पीयूष चंद्राकर पिता चितभवन उम्र 29 निवासी बिट्टू टेडर्स कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित कय शुदा भूमि खसरा नंबर 270/2 का टु 2200 वर्गफीट को विक्रेता कृष्णा साहू पिता बिसेसर साहू से पंजीकृत बैनामा दिनांक 11.10.2013 को कय किया गया। जो कि नामांतरण पश्चात नया खसरा नंबर 270/109 रकबा 0.01 हे0 के स्थान पर 0.02 हे. (2200 वर्गफीट) दर्ज किये जाने हेतु अभिलेख त्रुटि सुधार बाबत् आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक पीयूष चंद्राकर पिता चितभवन उम्र 29 निवासी बिट्टू टेडर्स कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार अभिलेख त्रुटि सुधार किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15.01.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31.12.2024 को जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202412103000080 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रूचि सिंह पति स्व. महाराणा प्रताप सिंह निकीस डी-4, एस.टी.एफ बस्ती सिंधिया नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि पति महाराणा प्रताप पिता ददन सिंह के नाम पर मौजा डूमरडीह प.ह.नं. 51 स्थित भूमि खसरा नंबर 170/38 रकबा 0.011 हे. लगान 0.02 रू. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। पति महाराणा प्रताप पिता ददन सिंह का स्वर्गवास दिनांक 07/07/2014 को हो चुका है। उसके मृत्यु पश्चात् निम्न विधिक वारिसान श्रीमती रूचि सिंह (पत्नि), रोशन सिंह (पुत्री), पलक सिंह (पुत्री) का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/12/2024 को यह उद्?घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक
कुम्हारी, तहसील भिलाई-3
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

विषय : सीमांकन बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तह./ तहसीलदार भिलाई-03 आ.क्रं. दिनांक 31.12.2024 के पालन में ग्राम परसदा प.ह.न. 13 भूमिस्वामी प्रवीण सिघल पिता रमेशचंद सिघल निवासी भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदित खसरा नं. 35, 36 रकबा 0.600, 1.820 कुल रकबा 2.420 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन किया गया है।

जिसकी सीमा इस प्रकार हैः- उत्तर में ग्राम कुम्हारी सीमा, दक्षिण में मुकेश भुंदड़ा, पूर्व में नवीन सिघल, पश्चिम में अंकालू, गंगाबाई उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 10.01.2025 को समय 2.00 बजे किया जावेगा।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नं. की भूमि से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर — **राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. कुम्हारी तह. भिलाई-3 जिला दुर्ग**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक
कुम्हारी, तहसील भिलाई-3
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

विषय : सीमांकन बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तह./ तहसीलदार भिलाई-03 आ.क्रं. दिनांक 31.12.2024 के पालन में ग्राम परसदा प.ह.न. 13 भूमिस्वामी नवीन सिघल पिता रमेशचंद सिघल निवासी भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदित खसरा नं. 37/2 रकबा 1.908 कुल रकबा 1.908 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन किया गया है।

जिसकी सीमा इस प्रकार हैः- उत्तर में कुम्हारी सीमा, दक्षिण में मुकेश भुदड़ा, पूर्व में परसदा मुख्य मार्ग, पश्चिम में मंजू काबरा एवं पूनम उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 10.01.2025 को समय 2.00 बजे किया जावेगा।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नं. की भूमि से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर — **राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. कुम्हारी तह. भिलाई-3 जिला दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202412104700039 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दुलौरीन बाई ध.प. शिवलाल निषाद निवासी- ग्राम कुटेलाभाठा तह. व जिला दुर्ग विरूद्ध आम जनता द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम कुटेलाभाठा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा स्थित भूमि खसरा नंबर 202/1 रकबा 0.0100 हे. जमीन आवेदिका के पति श्री शिवलाल पिता- पुसउ के नाम पर भू-अधिकार अभिलेख मे दर्ज है। भूमिस्वामी श्री शिवलाल पिता- पुसउ ने अपने जीवनकाल में ग्राम कुटेलाभाठा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा स्थित भूमि खसरा नंबर 202/1 रकबा 0.0100 हे. को अपनी पत्नी दुलौरिन बाई के नाम पर वसीयतनामा के आधार पर दिनांक 20/01/2022 को निष्पादित किया है। जिसका पुस्तक कमांक 3, ग्रन्थ ऋमांक 23 में पृष्ठ ऋमांक 340 से 354 पर विलेख ऋमांक-159 पंजीयत किया गया है। भूमिस्वामी श्री शिवलाल की मृत्यु दिनांक 23/01/2024 को हो गई है। पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर वसीयतप्राप्तकर्ता आवेदिका के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 07/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 16/12/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील अहिवारा प.ह.न. 00006 बानबरद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-कं. आर.डी.202425430 210300008

तहसील अहिवारा के प.ह.न. 00006 के अंतर्गत ग्राम बानबरद के वर्तमान भूमिस्वामी जगत पिता/पति-पि.रतीरामपता-बानबरद के द्वारा धारित भूमि खसरा ऋमांक 1144(0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वागी/क्रेता कमल धीवर पिता/ पति समारु पता-बाजार चौक बानबरद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार अहिवारा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा, से आज दिनांक 19/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार अहिवारा**

न्यायालय तहसीलदार
अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील अहिवारा प.ह.न. 00010 पाहरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आर.डी. 202425430213 200002

तहसील अहिवारा के प.ह.न. 00010 के अंतर्गत ग्राम पाहरा के वर्तमान भूमिस्वामी सुन्दरबाई पिता/पति-वे. कोंदापता-पाहरा के द्वारा धारित भूमि खसरा ऋमांक 516(0.0100), 1064(0.4200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ऋेता दशरुत निषाद पिता/पति-बिरझू निषाद पता-पाहरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार अहिवारा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार अहिवारा**

न्यूज गैलरी

खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 3 जनवरी से

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 03 जनवरी 2025 को समस्त विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित किया जावेगा साथ ही जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता 07 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित होंगे । इस रंगारंग आयोजन में सामूहिक लोक नृत्य, लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोग गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तव्य कला, तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल्स, कृषि उत्पाद एवं रॉक बैंड (केवल जिला स्तर पर) जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी जैसे खेलों को भी शामिल किया गया है।

युवोदय स्वयंसेवकों ने ली टीबी मुक्त भारत की शपथ

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में विगत दिवस जिला क्षय नियंत्रण एवं पिरामल फाउंडेशन की टीम ने विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत मड़से में ''निःक्षय निरामय'' 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत युवोदय स्वयंसेवकों को टीबी (क्षय रोग) के प्रति ग्रामीणों जागरूक किया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों को टीबी के प्रमुख लक्षण जैसे की दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, छाती में दर्द, शाम को बुखार, भूख की कमी, वजन कम होना और रात में पसीना आने जैसे विभिन्न लक्षणों की जानकारी दी गई। टीम ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि क्षय एक संक्रामक रोग है, जो हवा के माध्यम से फैलता है और बीड़ी, तंबाकू, सिगरेट, शराब के सेवन, कुपोषण, मधुमेह, या टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोगों को अधिक प्रभावित करता है। टीम ने लोगों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने, लक्षण पाए जाने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क जांच कराने, और संभावित रोगियों को जल्द जांच के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में जिला क्षय नियंत्रण टीम के मेघप्रकाश शेरपा (पीपीएम समन्वयक) और पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश बघेल उपस्थित रहे।

एनएनएस शिविर में छात्र-छात्रओं को विभिन्न विषयों पर दी गई जानकारी

2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 20.01.2025 17:30 Hours

रिमार्कः- उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 06.01.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

जी-242504966/3
कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://eproc.cgstate.gov.in
निआसू क्रमांक 32,33,34,35,36/वलेलि/2024-25 जगदलपुर, दिनांक 27/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये)	निर्धारित समया वधि
1	2	3	3	4	
01	163399	बस्तर जिले के विकासखंड बास्तानार के गंजोपारा एनीकट कम काजवे का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	211.64 लाख	1.50 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
02	163401	बस्तर जिले के विकासखंड बास्तानार के साडरा एनीकट का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	291.35 लाख	1.50 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
03	163402	बस्तर जिले के विकासखंड लोहण्डीगुड़ा के बड़ेधाराउर स्टापडेम का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	284.45 लाख	1.50 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
04	163404	बस्तर जिले के विकासखंड लोहण्डीगुड़ा के आंजर स्टापडेम कम काजवे का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	283.88 लाख	1.50 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
05	163405	बस्तर जिले के विकासखंड बास्तानार के मूतनपाल स्टापडेम कम काजवे का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एव विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	277.55 लाख	1.50 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 03.01.2025 17.31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 17.01.2025 17.30 Hours

रिमार्कः- उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 03.01.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

जी-242504980/5
कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

■ न्यूज गैलरी

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक नक्सल प्रभावित लोगों से हुए रूबरू

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा नक्सली गश्त के दौरान अपने टीम के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाने के उद्देश्य से लगातार ग्रामीणों के बीच जाकर रूबरू हो रहे है। मंगलवार को मैनपुर क्षेत्र के ग्राम नारीपानी के बच्चों एवं ग्रामीणों से मिलकर हाल-चाल जाने साथी स्कूली बच्चों को स्कूल बैग चप्पल महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को गमछा, शाल एवं अन्य सामग्री वितरण किए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी कोशिश है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा का अहसास हो। हमारी पुलिस लगातार इन क्षेत्रों में गश्त कर रही है और ग्रामीणों के साथ मिलकर काम कर रही है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस की वजह से हम अब सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस हमारे बीच रहकर हमारी समस्याओं को सुनती है और उनका समाधान कर रही है। इस दौरान थाना प्रभारी मैनपुर निरीक्षक शिव शंकर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप एवं अन्य पुलिस जवान उपस्थित रहे

चार परिवार को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 4 आपदाग्रस्त परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत आपदाग्रस्त परिवारों के चार-चार लाख रुपए दी जाएगी। इसके तहत ग्राम खुरमुड़ा निवासी दशरथ की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि उर्वशी को, ग्राम खड़ौदाखुर्द निवासी दलसिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि हिरौदा बाई, ग्राम हाथीडोब निवासी हेमलता की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति दशरथ साहू को और ग्राम केशरी निवासी गौरी बाई की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र अर्जुन चंद्रवंशी को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

सतनामी समाज ने निकाली शोभायात्रा विकास बोहरा ने किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के राजा बाड़ा दंतेश्वरी मंदिर से गुरु घासीदास बाबा की जयंती के उपलक्ष में सतनामी सेना क्षेत्र नगरी सिहावा के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में जय सतनाम का जय घोष गूंज रहा था, मानव मानव एक समान का संदेश देने वाले संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर समाज ने सतनाम शोभायात्रा निकाली जिनका स्वागत नगर के बजरंग चौक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास बोहरा वरिष्ठ भाजपाई कमल डागा भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेंद्र साहू शहर अध्यक्ष राजा पवार ने गुरु घासीदास बाबा के तेल चित्र पर माथा टेका और समाज अध्यक्षविष्णु टंडन हीराउ राम कोसरे घनानंद सोनवानी नंदलाल कश्यप तेज प्रकाश

भगत रुप बसंत मिर्चीरामजी योगेन्द्र भट्ट मनोहर अरुण बंजारे सुरेश लहरेलखन मल्होत्रा राम मल्होत्रा दुर्गेश महेश्वरी बीरेंद्र मल्होत्रा अन्य समाज जनों को श्रीफल व तिलक लगाकर स्वागत किया वह समाज जनों को गुरु घासीदास बाबा जयंती महोत्सव की बधाई दी

मनरेगा में जिले की उपलब्धि 103.26 प्रतिशत

भाटापारा/नवप्रदेश। महात्मा गांधी नरेगा योजना ग्रामीण स्तर पर संचालित जन कल्याणकारी योजना में से प्रमुख योजना है। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर ही स्थानीय निवासियों को मांग के आधार पर रोजगार मुहैया कराना है जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 24-25 में जिले को माह दिसंबर तक 47.24 लाख मानव दिवस का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसके विरुद्ध में 103.26 प्रतिशत उपलब्धि रहा है और मार्च तक में लक्ष्य का 95.47 प्रतिशत उपलब्धि रहा है। जिले के सभी ग्राम पंचायतो में पर्याप्त मात्रा में कार्यों की स्वीकृति दी गई है। जिले में 418 पंचायतों में 16 हजार से अधिक श्रमिक कार्य में लगे हुए हैं।

ब्लॉक अध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि ने किया धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण

■ **डेढ़ महीने बीतने पर भी वेंडर ने नहीं दिया कोटेशन और बिल**

गंडई/पंडरिया/नवप्रदेश। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भिज्ञेश यादव और विधायक प्रतिनिधि दिलीप ओगरे ने क्षेत्र के सेवा सहकारी समितियों का शनिवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और समिति प्रबंधकों से किसानों को हो रही परेशानियों के बारे में जानकारी लिया।

गौरतलब है कि गंडई ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भिज्ञेश यादव और विधायक प्रतिनिधि दिलीप ओगरे ने बदलते मौसम के चलते क्षेत्र के लिमो और गंडई धान खरीदी केन्द्रों में धान के रखरखाव, केंद्रों में किसानों को होने वाली समस्या और धान के उठाव सहित अन्य मुद्दों पर समिति प्रबंधोको से चर्चा किए। उन्होंने प्रबंधकों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। लिमो सेवा सहकारी समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति में कुल 13 गांव के 1470 पंजीकृत किसान है। जिनसे 95 हजार क्विंटल धान खरीदी किया जाना है। अबतक 54 हजार क्विंटल की खरीदी किया जा चुका है। आधे से अधिक किसानों के धान की खरीदी किया जा चुका है। वही सेवा सहकारी समिति गंडई में बताया गया हैं कि समिति में कुल 13 गांव के 2631 पंजीकृत किसान है। जिनसे 139 हजार क्विंटल धान खरीदी किया जाना है। अब तक 83 हजार क्विंटल की खरीदी किया जा चुका है। सभी समितियों में धान का परिवहन नहीं होने की वजह से जगह का आभाव हो गया है।

औचक निरीक्षण के दौरान गंडई ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भिज्ञेश यादव ने कहा कि मौसम खराब है और धान को ढकने के लिए पर्याप्त मात्रा में त्रिपाल की व्यवस्था नहीं है। वेंडर ने पर्याप्त त्रिपाल की व्यवस्था नहीं की है। अब तक केवल पांच ही त्रिपाल भेजा गया हैं। पर्याप्त मात्रा में अभी तक सुतली भी नहीं है। वेंडर के द्वारा अभी तक सुतली और त्रिपाल का कोटेशन भी नहीं दिया है। धान का उठाव धीमी गति से हो रही है जबकि लिमो खरीदी केंद्र में 60 प्रतिशत धान की खरीदी हो चुकी है अब तक केवल 20 प्रतिशत ही धान का उठा किया गया है शासन प्रशासन गंभीर होकर धान का उठाव करें और किसानों के हित में न्याय करें। आगे उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा उपस्थित किसानों से बात करने पर यह पता चला है कि किसानों के द्वारा बेचे गए धान का भुगतान राशि 4 से 5 दिन में किया जा रहा है जबकि विष्णु देव की सरकार ने 24 घंटे के अंदर भुगतान करने की बात कहा था जो पूरी तरीके से फेल हो चुकी है। 14 नवंबर से अब तक धान खरीदी लगभग डेढ़ महीने हो चुके हैं और वेंडर के द्वारा सुतली का कोटेशन अभी तक नहीं दिया है और नहीं बल दिया है। यह अनुमान लगा पाना अभी संभव नहीं है कि वेंडर सुतली का क्या रेट तय करेगा और प्रबंधक द्वारा किस रेट में भुगतान किया जाएगा।

धान खरीदी केन्द्रों में परिवहन व्यवस्था फेल

पाडादाह, ईटार समिति में दूसरी बार जगह नहीं होने से धान खरीदी बंद, मायूस होकर लौटे किसान

■ **सूचना देने के बाद भी धान का नहीं हुआ उठाव**

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रशासन के लाख दावों और कागजी निर्देशों के बाद भी जिले मे धान परिवहन की व्यवस्था नही सुधर पा रही है। समय पर परिवहन नही होने के चलते समितियों में डंप धान से समितियों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। तो दूसरी ओर प्रशासन केवल धान परिवहन के दिशा निर्देश देने मे व्यस्त है। लगातार जानकारी दिए जाने के बाद भी समय पर उठाव नही करने, अधिकारियों की लापरवाही के चलते ईटार और पाड़ादाह समिति में फिर से जगह नही होने के कारण धान खरीदी बंद कर दी गई है। दोनों समितियों ने शुक्रवार को ही धान का परिवहन नही होने से जगह नहीं होने की जानकारी देते अधिकारियों और जिला प्रशासन को धान का उठाव किए जाने आवेदन किया था। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते समय पर धान का उठाव नहीं हो पाया। इसके चलते मंगलवार को दोनों समितियों में खरीदी बंद रही। टोकन वाले किसानों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा ।

ईटार मे 39 हजार, पाडादाह मे 40 हजार क्विंटल धान जाम

जिले के ईटार और पाडादाह समिति मे दूसरी बार ऐसी स्थिति आई है जब परिवहन नहीं होने के चलते जगह के अभाव में धान खरीदी बंद की गई है। ईटार मे बफर लिमिट पार होने के बाद समिति में 39 हजार क्विंटल से अधिक धान डंप हैं। डेढ़ माह में अब तक केवल 8 हजार क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है । समिति मे 7 हजार क्विंटल धान रखने की लिमिट है। लेकिन यहां क्षमता से 5 गुना अधिक धान जाम है। इसी तरह पाडादाह समिति में अब तक 50 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है। लेकिन समिति अध्यक्ष और कर्मचारियों के लगातार आवेदन के बाद भी परिवहन मे सुधार नहीं होने के चलते समिति मे 34 हजार 5 सौ क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा है । पाडादाह से अब तक केवल 14 हजार 8 सौ क्विंटल धान का परिवहन ही हो पाया है। दोनों समितियों ने शुक्रवार को ही परिवहन नही होने पर खरीदी बंद होने की सूचना दे दी थी। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी। गातापार जंगल खरीदी केन्द्र में भी बंद होने के कगार पर खरीदी पहुंचने के बाद किसानों और समिति कर्मचारियों ने ही वहां अतिरिक्त जगह की व्यवस्था बनाई है। यहां भी प्रशासनिक कार्यवाही नही हो पा रही है।

डेढ़ माह से जारी धान खरीदी जिले के 51 धान खरीदी केन्द्रों में अब तक कुल 49049 किसानों ने अपना धान बेचा है। इस दौरान समितियों में कुल 25 लाख 60 हजार 596 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज मे किसानों को अब तक 59019 लाख रू का भुगतान किया जा चुका है । जिले मे लिकिंग खरीदी मे अब तक 20296 लाख रुपए की वसूली की गई है। समितियों में से अब तक 8 लाख 22 हजार 371 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। जिला प्रशासन हर सप्ताह धान खरीदी की समीक्षा कर धान के उठाव के लगातार निर्देश जारी कर रहा है। इसके बाद भी जिले में परिवहन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आ पाया है। भगवान भरोसे खरीदी और परिवहन है। जिपं सभापति विप्लव साहू ने प्रशासन को धान खरीदी मे पूरी तरह फेल बताते

सराहनीय पहल

गन्ना परिवहन करने वाले कृषकों को सुरक्षा के लिए रेडियम का वितरण

कवर्धा। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित द्वारा गन्ना परिवहन करने वाले कृषकों और चालकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कारखाने ने गन्ना परिवहन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेडियम और झंडे का वितरण किया। यह कदम खासतौर पर गन्ना परिवहन के दौरान होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और कृषकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। रेडियम और झंडों का वितरण करते हुए कारखाना प्रशासन ने सभी कृषकों और चालकों को सुरक्षित गन्ना परिवहन के बारे में महत्वपूर्ण सलाह भी दी। कारखाना प्रबंधक ने बताया कि गन्ना परिवहन करते समय वाहनों में रेडियम चिपकाने से रात के समय या धुंध में वाहनों की पहचान आसानी से हो सकेगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। इसके अलावा झंडों का उपयोग भी गन्ना लोड करते समय वाहनों को अन्य वाहनों से स्पष्ट रूप से अलग पहचान दिलाने के लिए किया जाएगा।इस कार्यक्रम के दौरान पोंडी चौकी के एएसआई श्री चंद्रवंशी, चौकी के पुलिस दल और भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारी भी उपस्थित थे। एएसआई श्री चंद्रवंशी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम किसानों और चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस सुरक्षा उपाय का पालन करें और सुरक्षित तरीके से गन्ना परिवहन करें।

संचालित योजनाओं को मिली संजीवनी

नाबार्ड की पहल : विकास को मिली नई उड़ान

■ **कृषि, जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को मिला बढ़ावा**

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने कबीरधाम जिले में कृषि, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के माध्यम से विकास की नई लहर पैदा की है। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादन में वृद्धि, जल संसाधनों का संरक्षण, ग्रामीण ढांचे का विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक श्री हर्ष देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि क्षेत्र संवर्धन निधि के अंतर्गत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे फसल उत्पादन में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही, मूंग, मक्का, कपास और सरसों जैसी फसलों का उत्पादन कर किसानों की आय में सुधार हुआ है। वहीं, जलसंभर विकास परियोजना के अंतर्गत जल और मृदा संरक्षण के प्रयास किए गए हैं, जिससे जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन संभव हो पाया है। जनजातीय विकास निधि के अंतर्गत बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर वहां आम, कटहल, नींबू और अमरूद जैसे फलदार वृक्षों के साथ-साथ अन्य सब्जियों की बाड़ियाँ तैयार की गई हैं, जिससे कई जनजातीय परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, नाबार्ड ने महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन और उनके सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। किसान उत्पादक संगठन के गठन के माध्यम से 3,000 से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाया गया है। वहीं, ग्रामीण ढांचे के विकास को मजबूत करने के लिए ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के तहत सिंचाई परियोजनाएं, सड़कें, पुल, पेयजल और जल आपूर्ति परियोजनाओं को लागू किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन, संचार और जल सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है।

ग्राम सराईटोला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया सुशासन दिवस

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सराईटोला में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में समस्त भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण स्तर के सदस्यगण के द्वारा छायाचित्रण पर गुलाल बंदन पुष्प हार अर्पित कर मनाया गया। जिसमें बूथ अध्यक्ष जय मरकाम. सोनाराम नेताम. कोमल नेताम ,बलवंत ,अशोक मरकाम रामकुमार, गणेश नेताम, दिलीप नेताम समस्त पार्टी स्तर के ग्राम के युवा व महिला पुरुष गांव की लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे

डिप्टी सीएम शर्मा ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंदों को वितरित किए चेक

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के जरूरतमंद नागरिकों को वित्तीय सहायता देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मात्र 9 महीने में उपमुख्यमंत्री ने जिले के नागरिकों को 2 करोड़ 73 लाख 25 हजार 600 रुपये की राशि स्वीकृत प्रदान कर चेक वितरण किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर विधायक कार्यालय कवर्धा में नरेन्द्र मानिकपुरी, निज सहायक जागेश्वर साहू, लाला राम साहू और सोहन शिवोपासक द्वारा 9वीं किस्त के तहत चेक वितरण किया किया जा रहा है। इन चेकों के माध्यम से लाभार्थियों को दी गई राशि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार साबित होगी। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद नागरिकों को दी गई इस वित्तीय सहायता से न केवल उन्हें आर्थिक राहत मिली है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देगा। यह कदम साबित करता है कि सरकार सिर्फ वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर काम कर नागरिकों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है। विधायक कार्यालय कवर्धा में चेक वितरण के दौरान लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं की सराहना की और कहा कि यह मदद उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

नाथद्वारा में सम्मानित होंगे छत्तीसगढ़ के बाल साहित्यकार

भाटापारा/नवप्रदेश। हंदी पुरोधा, राष्ट्र भाषा सेनानी भगवती प्रसाद देवपुरा स्मृति राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान 2025 का आयोजन नाथद्वारा राजस्थान में होगा। इस राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ बाल साहित्यकार बलदाऊ राम साहू दुर्ग और सुपरिचित बाल साहित्यकार कन्हैया साहू 'अमित' भाटापारा का भी चयन हुआ है। इन दोनों बाल साहित्यकारों को श्री रविन्द्र गुर्जर (अप्पू) स्मृति सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन 5 और 6 जनवरी को देवपुरा साहित्य मण्डल नाथद्वारा में संपन्न होगा।

इस अखिल भारतीय राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान समारोह में देशभर से ख्यातिप्राप्त बाल साहित्यकार सम्मिलित होंगे। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में बाल साहित्य के आधार स्तंभ बलदाऊ राम साहू के दर्जनों बाल साहित्य की किताबें प्रकाशित हैं। वे सतत एवं उत्कृष्ट बाल साहित्य सृजन कर रहे हैं। वही कन्हैया साहू 'अमित' ने अपने मौलिक बाल पहेलियों, बालगीतों, बाल कविताओं से बाल साहित्य के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान बनाया है। बाल साहित्य में इनके समग्र योगदान को देखते हुए इन्हे बाल साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। देवपुरा साहित्य मण्डल के आमंत्रण पर छत्तीसगढ़ के ये दोनों बाल साहित्यकार नाथद्वारा राजस्थान हेतु रवाना होंगे।

अपराध पर नियंत्रण

30 साल से सिहावा थाने के ग्रामीण अंचलों में अवैध कारोबार और अपराध का था बोलबाला

थाना प्रभारी ने अपनी सक्रियता से अपराध पर लगाया अंकुश, बदमाश हुए अंडर ग्राउंड

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के सिहावा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण अंचल में अपराधिक मामलों को शह देने वाले मामले जैसे जुआ, सट्टा, खड़खडीया जुआ, अवैध शराब बिक्री पर लगा अंकुश लगा ग्रामीण क्षेत्र में जुआ, सट्टा, खड़खडीया जुआ, अवैध शराब बिक्री पर सिहावा पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रहे हैं इन अपराधिक मामलों से जुड़े लोग कड़ी कार्रवाई होते देख उनके हौसले पस्त हो चुके हैं मड़ाई मेला में खड़खडीया जुआ नामक अवैध कारोबार सिहावा क्षेत्र में पैर पसार चुका था जो आज वर्तमान में यह खड़खडीया जुआ पर पूर्णता पाबंदी लगा इस अवैध कारोबार से जुड़े जो अपराधिक मामले होते थे अब उन मामलों पर अब आम जनता को निजात मिला सिहावा क्षेत्र में अब ग्रामीण राहत की सांस ले रहे हैं । सिहावा पुलिस द्वारा की जा रही कड़ी कार्रवाई से सांकरा, उमरगांव , सिहावा के निवासी महेश कुमार अग्रवाल , नारायण दास मानिकपुरी, नीवेदर साहु , प्रभाकर पटेल,कमल पटेल, नरेंद्र पटेल, ने कहा कि अवैधानिक कार्यों के चलते समाज में जो अशांति व्याप्त थी, उस पर आज बहुत हद तक अंकुश लग गया है, आमजनताओ में खुशी साफसाफझलक रही है। वहीं इस कड़ी कार्रवाई पर सिहावा पुलिस व थाना प्रभारी की ग्रामीण अंचल के क्षेत्र में भूरी भूरी प्रसंसा हो रही है। सिहावा अंचल के सबसे बड़े ग्राम बेलरगांव व सांकरा है जहां कहीं ना कहीं अपराधिक मामले, जुआ सट्टा, खड़खडीया जुआ, अवैध शराब बिक्री पर आज वर्तमान में 30 वर्षों बाद इन सब अपराधिक मामलों पर पूर्णता पांबदी दिखाई दे रहा है पूर्व में हप्ता महिनों तक चलने वाले खुलेआम बीच चौराहे पर खुलेआम खड़खडिया नामक जुआ सट्टा पर अंकुश लगा इस खड़खडिया नामक जुआ सट्टा से निजात मिलते ही ग्राम के लोग खुश हैं और इस तरह की कड़ी कार्रवाई हमेशा होते रहना चाहिए ऐसा आमजनताओ का कहना है और इस तरह के अवैध कारोबार करने वाले लोग अब कड़ी कार्रवाई होते देख उनके हौसले पस्त हो चुके हैं हमारे प्रतिनिधि ने इस तरह के मामलों पर अंकुश लगते ही सिहावा थाना पहुंचकर सिहावा थाना प्रभारी उमाशंकर तिवारी से चर्चा कर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि 01,01 2024 से 30,12,2024 तक आबाकारी, जुआ, सट्टा, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही को लेकर जानकारी दिया कि अब तक (01)आबाकारी से में 43 मामले,(02) जुआ के तहत 12 मामले, (03)सट्टा में 06 मामले, प्रतिबंधात्मका कार्यवाही (01)107-116(3) CRPC /126-135 BNSS 101 मामले,(02)151 CRPC/170 BNSS 10 मामले,(03) 145 CRPC/1764 BNSS 02 मामले पर किया गया है इस कार्यवाही पर कहा कि हमारे पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में अब तक यह कार्यवाही किया गया है।

पंचायत आम निर्वाचन 2024-25

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत विकासखंडवार सभी पंचायतों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों का निपटान गुरूवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है।

न्यूज गैलरी

अध्यादेश 2024 में संशोधन करने सीएम को ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज एवं नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 में संशोधन कर ओबीसी को संख्या के बराबर आरक्षण प्रदान करने के संबंध में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन ओबीसी महासभा जिला इकाई मुंगेली द्वारा सौंपा। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ईश्वर प्रसाद यादव, संरक्षक डॉ. हीरा लाल साहू, जिला सचिव डोमप्रकाश कश्यप, महासचिव जित्तू कुमार साहू, रेवाराम साहू, उमेश साहू, भालचंद गुप्ता, बंशीलाल कुम्भकार आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोनिवि के नए ईई सतपथी ने पदभार संभाला

मुंगेली/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग के नए

कार्यपालन अभियंता एसके सतपथी ने कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्व पदस्थ कार्यपालन अभियंता मंजू पटेल के स्थानांतरण पश्चात श्री सतपथी मनेन्द्रगढ़ से मुंगेली के कार्यपालन अभियंता बनाए गए है। उन्होनें कहा कि जिले में सड़क निर्माण के कार्यो को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने की बात कही। क्षेत्र का दौरा कर कार्यो की जानकारी ले रहे है। नगर में बस स्टैण्ड से नवागढ़ सड़क मार्ग के चौड़ीकरण तथा दाऊपारा चौक से गीधा तक के सड़क निर्माण में डामरीकरण के लिये प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के पश्चात शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

विश्व हिंदू परिषद, दुर्गावाहिनी ने निकाली मानवंदन यात्रा

पेंड्रा/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में दुर्गा वाहिनी के बहनों के द्वारा रानी दुर्गावती को समर्पित मानवंदन यात्रा निकाला जिसमें बड़ी संख्या में दुर्गावाहिनी की बहनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में दुर्गावाहिनी प्रांत सह संयोजिका प्रीति दुबे के द्वारा बहनों को रानी दुर्गावती के साहस के बारे में बताया गया और प्रेरणा लेने की बात कही गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया के द्वारा बहनों को धर्म के लिए एवम् राष्ट्र के लिए कार्य करने की बात कही गई।

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

धान खरीदी केंद्रों से धान उठाव में लाएं तेजी-कलेक्टर

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जनपद स्तर पर 01 दिसंबर से राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत आयोजित किये जा रहे कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर में आयुष्मान वय वंदन योजना अंतर्गत शिविर लगाने और जिले के ज्यादा से ज्यादा 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो का पंजीयन कराकर उन्हें लाभान्वित कराने के निर्देश दिए है द्य कलेक्टर ने धान उठाव के प्रतिशत की जानकारी लेते हुवे जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेजी से कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले में नया जूट बारदाना, पीडीएस बारदाना, मिलर्स बारदाना के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धता और बारदानों के प्रतिशत की जानकारी ली। उन्होंने जिले में चल रहे धान खरीदी कार्य के बारे में फूड, मार्कफेड सहित संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे सुव्यवस्थित धान खरीदी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए

जिले में सुव्यस्थित ढंग से धान खरीदी कार्य करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यो तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यो सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए है। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकार से समृद्धि कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों को सहकारी समिति से आच्छादित करने के कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा कार्ययोजना तैयार कर व्यवस्थित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी पंचायत चुनाव के लिए की जा रही आरक्षण प्रक्रिया के तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जनपदवार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा स्वीकृत कार्यों, मनरेगा के बारे में जानकारी ली तथा सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारीयों को सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए द्य कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और शेष बचे आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन,चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत किए जाने वाले भर्ती प्रक्रियाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2024-25 में ऋणी-अऋणी किसानों की जानकारी, खरीफ वर्ष 2024-25 हेतु समितिवार पंजीयन रिपोर्ट की जानकारी ली गई।

टनल के अंदर पटरी पर बोल्डर रखकर हीराकुण्ड एक्सप्रेस को दुर्घटनाग्रस्त करने की साजिश नाकाम

लोको पायलट की सूझबूझ से सैकड़ों यात्रियों की बची जान, आरोपी गिरफ्तार

पेंड्रा/नवप्रदेश। बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग पर एक बड़ी दुर्घटना होने से

बच गई। घने जंगलों के बीच बने भनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास टनल (पहाड़ के अन्दर बना सुरंग जिसे स्थानीय भाषा में बोगदा कहते हैं) के भीतर पटरियों पर बोल्डर रखकर ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की साजिश रची गई थी। हालांकि, लोको पायलट की सतर्कता और त्वरित निर्णय से एक बड़ी घटना होने से रोक ली गई और ट्रेन में यात्रा कर रहे सैकड़ों यात्री सुरक्षित रहे। इस खतरनाक योजना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार कोटमी चौकी, थाना पेण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम कोलबिरा निवासी पवन सिंह ने भनवारटंक स्टेशन के पास टनल में पटरियों पर बोल्डर रखकर ट्रेन को पटरी से

उतारने की कोशिश की थी। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 153 और 174 (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे जेल भेज दिया गया है। घटना की जानकारी यह पूरी घटना 29 और 30 दिसंबर की मध्यरात्रि की लगभग 12.30 बजे की है, जब ट्रेन भंवारटंक के पास से गुजर रही थी। लोको पायलट ने समय रहते पटरियों पर रखे बोल्डर को देख लिया और ट्रेन को रोककर एक बड़ा हादसा टाल दिया। रेलवे और पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। लोको पायलट की सूझबूझ से न केवल यात्रियों की जान बची, बल्कि रेल यातायात भी सामान्य रहा। यह घटना रेलवे सुरक्षा और सतर्कता के महत्व को एक बार फिर उजागर करती है। पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन के करीब टनल में ट्रेन 20807 हीराकुंड एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश सामने आई है। रेलवे के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, भनवारटंक-खोडरी के बीच अप लाइन में टनल के अंदर रेलवे ट्रैक पर तीन अलग-अलग जगहों पर नाली के स्लैब रख दिए गए थे। यह घटना 29 तारीख रात 12ः30 बजे की बताई जा रही है। इस घटना को हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन के लोको-पायलट की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। बता दें, रेलवे कर्मचारी टनल के अंदर सतत निगरानी करते रहते हैं। उसके बावजूद भी रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखा जाना किसी साजिश का अंदेशा हो सकता है। यह क्षेत्र चारों ओर पहाड़ों और घने जंगल से घिरा हुआ है। बहरहाल, रेलवे ट्रैक पर जानबूझकर पत्थर रखना बेहद खतरनाक था। इस कारण ट्रेन नंबर 20807 (हीराकुंड एक्सप्रेस) मौके पर खड़ी रही। इसके अलावा, उसी ट्रैक से गुजरने वाली 18247 रीवा एक्सप्रेस और 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस करीब एक से दो घंटे तक खड़ी रहीं।

प्रेस और पुलिस लिखे वाहनों की भरमार, कोई जांच नहीं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों फर्जी 'पत्रकार', 'प्रेस' और पुलिस लिखे गाड़ियों की भरमार हो गई है । जहाँ भी जिस किसी चौक-चौराहे पर आप खडें हो जाएँ तो फिर जिधर भी आपकी नजर जाएगी 2-4 गाड़ी ऐसी दिख ही जाएगी जिसपर 'प्रेस' या 'पुलिस' लिखा होता है। इस 'विशेष सुविधा' का लाभ लेने से क्षेत्रों के तथाकथित फर्जी पत्रकार कभी भी चुकते नहीं हैं। आम गाड़ियों की अपेक्षा इन्हें अक्सर मिलनेवाले वरीयता के कारण ढेरों लोग अपने गाड़ियों पर 'प्रेस' अंकित करवा कर अपना रोब झारते नजर आ जाते हैं। बिना सिर पैर की इनकी योग्यता और प्रतिष्ठा की कद्र भले आम लोगों के नजर में ज्यादा नहीं हो लेकिन इस 'प्रेस' के टैग के सहारे ये फर्जी पत्रकार प्रशासन और पुलिस को धोखा देते हुए कई सारे असामाजिक कार्यों में भी लिप्त जैसे प्रतीत होते हैं, प्रेस व पुलिस लिखी यह गाड़ी नंबर और बगैर नंबर की भी होती है। जो पुलिस से बचाव हेतु या गाड़ी की वास्तविकता को छिपाए रखने हेतु प्रेस या पुलिस शब्द का बखूबी से इस्तेमाल कर रहे होते हैं। पुलिस व जनता की आंखों में धूल झोंककर लोगों को ठगने का काम भी जिले में धड़ल्ले से चल रहा है, जिस पर तुरन्त नकेल लगना अति आवश्यक है। ÷कुछ संस्थाए तो ऐसी है जो कुछ रुपये हजार रुपये लेकर अपनी संस्थान का कार्ड भी बना देती है। इन फर्जी पत्रकारों ने विजिटिंग कार्ड भी छपवा रखे है। जो लोग पुलिस की चेकिंग के दोरान उनको प्रेस (मीडिया) की धोस भी दिखाते है। गाड़ी रोकने पर पुलिस से बदतमीजी करते है। इनमे से बहुत से पत्रकार है जो अपराधी तत्व के हैं जिनपर न जाने कितने अपराधिक मुकदमे भी दर्ज है प्रेस मीडिया की आड में मीडिया को बदनाम कर रहे है ।

प्रेस और पुलिस से कोई वास्ता नहीं बावजूद-क्षेत्रों में प्रेस और पुलिस लिखे ऐसे दो पहिया गाड़ियां एवं चार पहिया गाड़ियां हैं जिनका प्रेस पत्रकार मीडिया और पुलिस से दूर-दूर तक का कोई रिश्ता नही है। अधिकतर उन गाड़ियों में प्रेस लिखा है जिनके वाहन-चालक मालिक के पास न तो कागजात है न ही लाइसेंस है जिस पर ये लोग प्रेस लिखाकर क्षेत्र में नाजायज फायदा उठा रहे हैं।

बोर्ड की तर्ज पर होगी पांचवीं-आठवीं की परीक्षा-डीईओ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। 31 दिसम्बर 2024/ मल्टीपरपज स्कूल अम्बिकापुर में मंगलवार को जिले में संचालित सभी सेजेस विद्यालयों के प्राचार्यों एवं जिले के सभी संकुल समन्वयकों की अलग अलग जिला स्तरीय बैठक जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सभी प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा के आयोजन की प्रक्रिया जिसमें पांचवी एवं आठवीं की परीक्षा एकीकृत होगी और बोर्ड की तर्ज पर होगी। इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं महत्व से अवगत कराया गया तथा परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के परीक्षा पर चर्चा में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का पंजीयन एवं फलों के पंजीयन पर चर्चा की गई और इसके लिए जिले में संचालित समस्त शासकीय विद्यालय और अनुदान प्राप्त विद्यालय एवं मदरसा शामिल हैं। शत प्रतिशत परीक्षा पर चर्चा में पंजीयन कराया जाना है एवं अपार आई डी जनरेशन की प्रगति की संकुल वार समीक्षा की गयी। कक्षा 1 से 12वीं तक अध्यनरत समस्त विद्यार्थी का अपार आईडी बनाया जाना है, इस हेतु सभी सीएससी अपने संकुल अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों का शतप्रतिशत अपार आईडी जेनरेशन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने अभी तक की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग की अन्य योजनाओं को भी उत्कृष्टता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। बैठक को जिला मिशन समन्वयक ने भी संबोधित किया। उन्होंने संकुल समन्वयकों को विभिन्न योजनाओं में राज्य स्तर पर जिले की स्थिति से अवगत कराते हुये सभी योजनाओं में जिले का प्रथम साथ बनाने हेतु सामूहिक प्रयास करने हेतु प्रेरित किया।

पीडीएस दुकान के लिए 7 जनवरी तक आवेदन

मुंगेली। के ग्राम रोहराखुर्द में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 07 जनवरी तक आवेदन मंगाए गए हैं। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं।

जुआ खेलते 12 आरोपियों से 47 हजार रुपए जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा खार में 8 आरोपी के कब्जे से 41 हजार 9 सौ रूपये व ग्राम खर्राघाट में 4 आरोपी के कब्जे से 5 हजार 2 सौ 10 रूपये कुल 47000 रूपए जब्त किए गए।

ग्राम नवापारा खार एवं खर्राघाट में जुआ खेलने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी एस.आर. घृतलहरे के मार्गदर्शन पर थाना व साइबर सेल की टीम गठित कर मुखबिर सुचना पर 02 प्रकरण जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई। जिसमें ग्राम नवापारा खार में शिवराज उम्र 37 वर्ष धनगांव, प्रदीप कुमार उम्र 32 वर्ष निवासी मानिकपुर, अयोध्या जोशी उम्र 43 वर्ष निवासी ठक्कर वार्ड मुंगेली, भुवन आहिरे उम्र 24 वर्ष, कृष्णा जांगड़े उम्र 31 वर्ष निवासी हेडसपुर, रामकुमार आहिरे पिता अमरदास उम्र 31 वर्ष निवासी नवापारा मुंगेली, नरेश जांगडे पिता आत्माराम उम्र 33 वर्ष निवासी हेडसपुर, सुनील कुमार पिता अशोक कोशले उम्र 36 वर्ष निवासी चातरखार मुंगेली को आम जगह पर रूपये पैसे का दांव लगाकर काटपत्ती से हार जीत नामक जुआ खेलते पाये जाने से नगदी रकम 41 हजार 9 सौ रूपये जप्ती कार्यवाही कर आरोपीगण के विरुद्ध धारा छग जुआ प्रति.अधि. की धारा 3(2) की कार्यवाही की गई व ग्राम खर्राघाट बड़े पुलिया के पास मुंगेली में आरोपीगण इनदास भास्कर पिता महासिंग उम्र 54 वर्ष निवासी चातरखार, खुमानदास मनिकपुरी पिता अनुपदास उम्र 29 निवासी शिवाजौ वार्ड मुंगेली, बसंत उर्फ छोटा-पिता आनंद सोनकर उम्र 23 वर्ष निवासी रामगढ़, रामगोपाल दुबे पिता रामकृपाल उम्र 40 वर्ष निवासी परहंस वार्ड मुंगेली को जुआ खेलते पकड़े जिनके कब्जे से नगद रकम 5 हजार 2 सौ 10 रूपये 52 पत्ती तास अधजली मोमबत्ती माचिस जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर आरोपीगण, के विरूद्ध धारा छग जुआ प्रति.अधि. की धारा 3(2) की कार्यवाही की गई।

108 में गर्भवती महिला ने स्वस्थ शिशु को दिया जन्म

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 108 संजीवनी एक्सप्रेस ने एक बार फिर अपने नाम की तरह काम किया है। यहां 108 स्टाफ की सूझबूझ और तत्परता से एक गर्भवती महिला ने स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद महिला और नवजात दोनों स्वस्थ हैं। सोमवार सुबह 8-9 बजे के बीच सिघनपुरी मुंगेली की रहने वाली पल्लवी भास्कर 22 वर्ष पति राकेश भास्कर को अचानक से प्रसव पीड़ा हुई। जिसके बाद परिजनों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस को कॉल किया। खबर मिलते ही ईएमटी छतीस जायसवाल और पायलट सोनू साहू तुरंत गांव केस के निकले। महिला को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर नजदीकी उप स्वास्थ केंद्र टेमरी मुंगेली के लिए रवाना हुए। तभी रास्ते में अचानक से दर्द उठा हॉस्पिटल से लगभग 2 किलोमीटर पहले चकरभट्ठा के पास गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा काफी ज्यादा बढ़ गई। जिसके बाद ईएमटी ने अपने सुझबुझ का परिचय देते हुए घर वालों की सहमति से डिलीवरी शुरू की।

जप्तशुदा मादक पदार्थों को किया नष्ट

पेंड्रा/नवप्रदेश। जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने 512.06 किलोग्राम गांजा और 163 प्रतिबंधित इंजेक्शन का विधिवत नष्टीकरण किया। नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण और जब्त मादक पदार्थों को विधिक व पर्यावरण-अनुकूल तरीके से नष्ट करना।

512.06 किलोग्राम गांजा 163 प्रतिबंधित इंजेक्शन नष्टीकरण की प्रक्रिया के लिए जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति का गठन किया गया। अध्यक्षः पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सदस्यः जिला आबकारी अधिकारी पलक नंद और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल पर्यावरण विभाग और अन्य संबंधित विभागों का परस्पर समन्वय। वर्ष 2024 में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किए गए। गिरफ्तार आरोपीः 27 आरोपियों को तस्करी और सहयोग में संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया। 5.5 क्विंटल गांजा 7 कार और 2 मोटरसाइकिल साइबर सेल की मदद से बैकवर्ड लिंक ट्रेस कर ओडिशा के बौध जिले से बड़े सप्लायर की गिरफ्तारी। इस कार्यवाही का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, जिला आबकारी अधिकारी पलक नंद और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नष्टीकरण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.17064 दिनांक 30.12.2024
वार्ड का नाम-20-रामकृष्ण परमहंस वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित मकान/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802D01767 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MEENA NAIR पिता/पति श्री/श्रीमती LT. SHREE KUMAR NAIR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Shobha Nair पिता/पति श्री/श्रीमती Sanjeev Nair ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.17065 दिनांक 30.12.2024
वार्ड का नाम-20-रामकृष्ण परमहंस वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित मकान/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802D00135 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती UDAY SEMUL BAGE S/O JASMANI BAGE, ANJU KURAN EKKA D/O NAZARIUS EKKA पिता/पति श्री/श्रीमती --- के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ANJU Kiran Ekka पिता/पति श्री/श्रीमती Najarious Ekka ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हकत्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.-202410231100063
ब-121 सन् 2024

एदत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मदन पिता स्व. भैयाराम जाति तेली निवासी ग्राम मौहाभाठा प.ह.नं. 17 तहसील साजा जिला बेमेतरा छ.ग. के द्वारा अपने पिता स्व भैयाराम का दिनांक 02/11/2022 को ग्राम मौहाभाठा प. ह.नं. 17 तहसील साजा जिला बेमेतरा में मृत्यू हो जाने के कारण पंजीयन कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का ऊजर अथवा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनाक 30/12/2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनाक 05/12/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक 05/12/2024
पेशी दिनांक 3/12/2024

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधरण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पटेल पिता बलिराम जाति मरार निवासी ग्राम द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम भटगांव तहसील देवकर दिनांक 13/05/1999 को आवेदक के प्रेमबती की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु / जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष / दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक/02/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 06/12/2024
स्थान - देवकर

सील
तहसीलदार
देवकर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17060 दि.- 30.12.2024
वार्ड का नाम-46- मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी. RPR440P00074 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती JAI KUMAR पिता/पति श्री/श्रीमती SHUBHAKARAN KATECHA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. विजय कुमार जैन 2. शैलेन्द्र कुमार जैन 1 व 2 दोनों पिता स्व. शुभकरण जैन 3. संजय कुमार कोटेचा पिता राजकरण जैन 4. ललित कुमार जैन पिता स्व. शुभकरण जैन पिता/पति श्री/श्रीमती N/A ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

श्री अरुण ध्रुव
जोन कमिश्नर
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17055 दि.- 30.12.2024
वार्ड का नाम-45- स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR707A0164A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SATYANARAYAN VYAS, RADHESHAYAM VYAS पिता/पति श्री/श्रीमती GOPAL PRASAD VYAS के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. राधेश्याम व्यास पिता गोपाल प्रसाद व्यास 2. पद्मा व्यास, 3. कमलेश व्यास, आस्था व्यास 5. आदित्य व्यास 2 से 5 सभी पति/पिता स्व. सत्यनारायण व्यास पिता/पति श्री/श्रीमती N/A ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

श्री अरुण ध्रुव
जोन कमिश्नर
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

वर्ष 2025 में शनि-राहु की युति और अतिचारी गुरु के कारण हो सकती हैं देश-दुनियां में यह बड़ी घटनाएं !

साल 2025 में ग्रहों के कई बड़े बदलाव, जिनका असर सभी 12 राशियों के साथ देश और दुनिया पर भी देखने को मिलेगा

साल 2025 में ग्रहों के कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। जिनका असर सभी 12 राशियों के साथ साथ देश और दुनिया पर भी देखने को मिलेगा। साथ ही राजनीति में भी बड़ी उठापटक देखने को मिल सकती है। आइए जानते हैं ज्योतिष गणना के साल 2025 देश और दुनिया के लिए कैसा रहने वाला है। साल 2025 में शुरुआत में शनि कुंभ राशि में अतिचारी गति से गोचर कर रहे होंगे जबकि गुरु अपनी सामान्य गति से वृषभ राशि में चल रहे होंगे 29 मार्च को शनि के मीन राशि में प्रवेश के साथ ही वहां पहले से गोचर कर रहे राहु के साथ उनकी युति बनेगी जिसे लेकर ज्योतिष के जानकारों में कुछ भय मिश्रित बड़ी आशंकाएं हैं। मेदिनी ज्योतिष के ग्रंथ भविष्यफल के अनुसार शनि का गोचर धनु और मीन राशियों में दुर्भिक्ष कारक होता है, जिसे आधुनिक परिपेक्ष में देखें तो यह कुछ आर्थिक मंदी के साथ-साथ शेयर बाजार में गिरावट भी ला सकता है। शनि और राहु की जल तत्व की राशि मीन में बन रही यह खतरनाक युति केवल अप्रैल और मई के महीने में ही होगी क्यूंकि 30 मई को राहु अपनी स्वाभाविक गति से उलटे चलते हुए मीन राशि को छोड़ कर कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। अप्रैल और मई के महीने में जल तत्व की राशि मीन के शनि और राहु से पीड़ित होने से और मंगल के एक अन्य जल तत्व की राशि कर्क में गोचर करने से किसी बड़ी सुनामी और समुंदरी तूफान आने की आशंका है। भारत के दक्षिण पूर्व में ओडिशा, आंध्रप्रदेश में अप्रैल और मई में समुंदरी तूफान से जन-धन की हानि की आशंका रहेगी। दक्षिण पूर्व एशिया के देशों जैसे इंडोनेशिया, मलेशिया , फिलीपींस, थाईलैंड आदि में अप्रैल -मई में समुंदरी तूफान और भूकंपन के योग बन रहे हैं।

मेष राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी- मंगल
राशि नामाक्षर- चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ
आराध्य- श्री हनुमान जी
भाग्यशाली रंग- लाल
राशि अनुकूल वार- मंगलवार, बृहस्पतिवार और रविवार

नौकरी और व्यवसाय : व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अच्छा रहेगा। कार्य व्यवसाय में अच्छा लाभ होगा। व्यापार में बड़े भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जो लोग नौकरीपेशा वाले हैं वह कार्य कुशलता और अपनी कार्य दक्षता के बल पर सफलता प्राप्त करेंगे किंतु कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं द्वारा रुकावट डाली जा सकती है इसलिए बिना किसी पर विश्वास किया आप अपनी बौद्धिक शक्ति के अनुसार कार्य करते रहे। देवगुरु बृहस्पति का सातवीं दृष्टि से आपके भाग्य भाव को देखने से आपके भाग्य में भी वृद्धि होगी इसलिए व्यापार में सफलता और नौकरी में प्रमोशन मिलेगा।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ बढ़िया रहेगा। द्वितीय स्थान पर गुरु ग्रह के गोचरीय प्रभाव से आपके धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। जिससे आप इच्छित बचत करके आर्थिक स्थिति को और मजबूत बना सकते हैं।

शनि साढ़ेसाती का प्रभाव : 29 मार्च 2025 के पश्चात जब शनि देव का गोचर मीन राशि पर होगा तो आपकी राशि पर शनि की साढ़ेसाती का प्रारंभ हो जाएगा। यह संकेत है इस बात का कि अगले लगभग साढ़े सात वर्ष आपको शनि की साढ़ेसाती से गुजरना होगा। शनि का यह गोचर आपके लिए मानसिक रूप से कुछ तनाव पैदा करेगा शनि की साढ़ेसाती का सबसे बेहतर उपाय यह है कि आप अपने जीवन को व्यवस्थित रखें और कर्मों को व्यवस्थित करें जिससे यह समय आपके लिए अवसर वाला सिद्ध हो।

उपाय- वर्ष की शुरुआत श्रीहनुमान चालीसा के पाठ से करें और इस वर्ष नित्य प्रति श्री हनुमान चालीसा का पाठ करते रहें। बुधवार को गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं एवं 'गं गणपतये नमः मंत्र का पाठ करें।

वृषभ राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी- शुक्र
राशि नामाक्षर- ई, उ,ए,ओ,वा,वू,वे,वो
आराध्य- श्री दुर्गा जी
भाग्यशाली रंग -सफेद, चमकीला सफेद
राशि अनुकूल वार- शुक्रवार, बुधवार और शनिवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। वर्ष के आरंभ में सप्तम भाव पर गुरु एवं शनि ग्रह की संयुक्त दृष्टि प्रभाव से आप व्यवसाय व कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। जिससे आपकी आय में वृद्धि होगी। नौकरी पैसा लोगों के लिए भी यह दृष्टि वर्ष के प्रारंभ में लाभदायक सिद्ध होगी। इस वर्ष आमदनी के नए स्रोत मिलने की उम्मीद है और नया व्यापार शुरू करने के लिए भी अच्छा समय रहेगा। वर्ष के मध्य में जब शनि का गोचर आपकी राशि से 11वें भाव में होगा तब नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बनेगी और व्यापार में कुछ नया और जोडने की संभावनाएं बनेंगे।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष अत्यधिक अनुकूल रहेगा। वर्ष के आरंभ में व्यापारिक अनुकूलता के कारण धनागम में वृद्धि होगी। एकादश स्थान के राहु वर्ष के मध्य तक अचानक धन लाभ करते रहेंगे वर्ष के मध्य के पश्चात एकादश भाव के शनि आपको आर्थिक लाभ देते रहेंगे।

यात्रा: यात्रा की दृष्टि से या वर्ष सामान्य रहेगा। वर्ष के आरंभ में नवम स्थान पर गुरु की दृष्टि के कारण आपकी लंबी धार्मिक यात्राएं होंगी। द्वादश स्थान पर शनि ग्रह के दृष्टि प्रभाव से आपके विदेश यात्रा के प्रबल योग बनेंगे। राहु और केतु का गोचर वर्ष के मध्य के पश्चात कुछ व्यावसायिक यात्राओं का संकेत भी दे रहा है।

उपाय : वर्ष की शुरुआत प्राणायाम एवं ध्यान से करें एवं नित्य प्राणायाम करने का नियम बनाएं। अपने घर में स्फटिक श्रीयंत्र स्थापित करें और नित्य उसके सामने श्री लक्ष्मी सूक्त का पाठ करें और घी का दीपक जलाएं।

मिथुन राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी- बुध
राशि नामाक्षर -का, की, कु, घ, छ, के, को, हा
आराध्य - श्री गणेश जी
भाग्यशाली रंग - हरा
राशि अनुकूल वार- बुधवार, शुक्रवार और शनिवार

नौकरी और व्यवसाय : व्यवसाय की दृष्टि से देखें तो वर्ष का प्रारंभ मिला-जुला रहेगा। वर्ष के आरंभ में द्वादश स्थान पर गुरु ग्रह के गोचरीय प्रभाव से कार्य व्यवसाय में कुछ विशेष लाभ प्राप्त नहीं होगा। आपको अपने व्यापार में सफलता प्राप्ति के लिए लगातार प्रयास करना पड़ेगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए द्वादश भाव का गुरु स्थानांतरण की संभावनाओं का संकेत वर्ष के प्रारंभ में दे रहा है। वर्ष के मध्य के पश्चात आपकी राशि पर गुरु के प्रभाव से आपके कार्य व्यवसाय में विशेष लाभ अर्जित होगा। राहु और केतु का गोचर वर्ष के मध्य तक आपकी पत्रिका में दशम भाव पर रहेगा इसलिए कार्य व्यवसाय में कुछ परिवर्तन या कुछ नया जोडने की संभावनाएं बनी रहेगी।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से या वर्ष मिला-जुला रहेगा। वर्ष आरंभ में द्वादश स्थान के गुरु धनागम में रुकावट उत्पन्न करेंगे जिससे आर्थिक उन्नति में कमी हो सकती है। इस समय के अंतराल में निवेश न करें नहीं तो लाभ की उम्मीद बहुत कम होगी। वर्ष के मध्य के पश्चात गुरु का गोचर आपकी राशि पर होगा इसलिए तब आर्थिक स्थिति में विशेष रूप से सुधार देखने को मिलेगा। दशम स्थान के शनि अप्रैल के महीने से आपके लिए आमदनी के नए स्रोत उत्पन्न करेंगे।

यात्रा : यात्रा के दृष्टिकोण से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल है द्वादश स्थान के गुरु विदेश यात्रा का शुभ योग बना रहे हैं इस समय अंतराल में विदेश यात्रा होगी। द्वादश स्थान के गुरु किसी धार्मिक स्थान में भी यात्रा के योग भी बना रहे हैं।

उपाय- वर्ष की शुरुआत मंदिर या धार्मिक स्थान पर पीले फल और बेसन के लड्डू वितरित करके करें।बुधवार के दिन गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं और नित्य प्रति भगवान गणपति के मंत्र का जाप करें।

कर्क राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी -चन्द्रमा
राशि नामाक्षर -ही, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो
आराध्य -श्री शिव जी
भाग्यशाली रंग - सफेद, पीला
राशि अनुकूल वार- सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ उत्तम रहेगा। वर्ष की शुरुआत में सप्तम स्थान पर गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से आप व्यापार में उन्नति करेंगे। अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें। व्यापार में आपको भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए एकादश स्थान के गुरु कुछ लाभ और प्रमोशन की संभावनाएं निश्चित रूप से बनाएंगे। शनि का गोचर मार्च तक आपकी राशि से अष्टम भाव पर रहेगा शनि की अष्टम ढैया के प्रभाव से आप मार्च में मुक्त हो जाएंगे इसलिए मार्च तक का जो समय है उसमें विशेष रूप से आपको कार्य क्षेत्र और नौकरी में कुछ सावधानी बरतनी चाहिए।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ उत्तम रहेगा। धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में आपके भाइयों का पूर्ण सहयोग आपको प्राप्त होगा। वर्ष के मध्य तक गुरु आपके लिए लाभ के नए अवसर बनाते रहेंगे। फरवरी में बृहस्पति का मार्गी होना आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

शनि साढ़ेसाती का प्रभाव : कर्क राशि के व्यक्तियों को शनि की ढैया का प्रभाव 2023 से देखना पड़ रहा है शनि का राशि से अष्टम भाव में गोचर कभी लाभ कभी हानि की स्थितियां बना रहा है। मानसिक तनाव, शारीरिक स्वास्थ्य की हानि इस तरीके के संकेत आपको मिल रहे थे विशेष शुभ बात है कि 2025 में मार्च के बाद आपको शनि की ढैया से छुटकारा मिलेगा और आप मानसिक रूप से अपने आप को स्वस्थ और प्रसन्न महसूस करेंगे।

उपाय- वर्ष की शुरूआत भगवान शिव का अभिषेक करके करें। पीली वस्तु में जैसे केला,बेसन की मिठाई मंदिर में दान करें। गुरुवार का व्रत रखें। श्री दुर्गा चालीसा का पाठ पूरे वर्ष आपके लिए लाभदायक रहेगा।

सिंह राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी- सूर्य
राशि नामाक्षर - मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे
आराध्य - श्री विष्णु नारायण
राशि अनुकूल रंग - सुनहरा,लाल
राशि अनुकूल वार- रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से या वर्ष मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। सप्तम शनि के प्रभाव से आप अपने कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। अनुभवी व्यक्ति से नई योजना भी बनाएंगे जिससे एक नया मोड़ मिलेगा। दशमस्थ गुरु के प्रभाव से नौकरी करने वाले व्यक्तियों की पदोन्नति होगी, स्थानांतरण भी हो सकता है। शनि का गोचर आपकी राशि से अष्टम भाव पर होगा और देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से एकादश भाव पर होगा यह दोनों संभावनाएं लाभ और हानि दोनों का संकेत दे रही हैं।

आर्थिक: इस वर्ष द्वितीय एवं चतुर्थ स्थान पर गुरु के दृष्टि प्रभाव से भूमि भवन वाहन इत्यादि वस्तुओं की प्राप्ति होगी। धनागम होता रहेगा परंतु अपने भौतिक सुख सुविधाओं पर आप अधिक खर्च करेंगे। वर्ष के मध्य के पश्चात देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से एकादश भाव पर होगा वहां पर यह संकेत मिलता है की आमदनी के नए स्रोत वर्ष के मध्य के पश्चात आपको मिलेंगे।

शनि साढ़ेसाती का प्रभाव : मार्च के पश्चात शनि का गोचर आपकी राशि से अष्टम भाव पर होगा यानी आपकी राशि पर शनि का ढैया का प्रभाव का प्रारंभ हो जाएगा। शनि के इस ढैया के प्रभाव से मानसिक कष्ट और पीड़ाएं आपको आने वाले समय पर मिल सकती हैं। कार्यक्षेत्र अपने पारिवारिक जीवन में व्यवस्थित रूप से जीवन जीने की कला को बनाए रखें जिससे आने वाले समय पर शनि की ढैया आपके लिए एक अवसर के रूप में आपको प्राप्त हो।

उपाय- वर्ष की शुरुआत श्रीहनुमान चालीसा के पाठ से करें और इस वर्ष नित्य प्रति श्री हनुमान चालीसा का पाठ करते रहें। बुधवार को गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं एवं 'गं गणपतये नमः मंत्र का पाठ करें।

कन्या राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी -बुध
राशि नामाक्षर -टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो
आराध्य -श्री गणेश जी
भाग्यशाली रंग -हरा
राशि अनुकूल वार-बुधवार, शुक्रवार और शनिवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से यह वर्ष अच्छा रहेगा। वर्षारम्भ में आपको कार्य व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। अपने भाग्य के द्वारा व्यवसाय में उन्नति करेंगे। गुरु एवं शनि ग्रह का अनुकूल स्थान में होना चौमुखी विकास के संकेत हैं। इस वर्ष आय के नये मार्ग प्रशस्त होंगे। वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। वर्ष के मध्य तक आपकी राशि में केतु और सातवें भाव में राहु की स्थिति रहेगी। इसलिए कोई भी व्यवसाय साझे में ना करें और किसी पर भी आंख मूंद कर विश्वास ना करें।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष उत्तम फलदायक रहेगा। व्यापारिक अनुकूलता होने के कारण इच्छित बचत करने में सफल रहेंगे। वर्ष के आरंभ में आप अपने भौतिक सुख सुविधाओं पर भी खर्च करेंगे। वर्ष के मध्य के पश्चात देव गुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से दशम भाव पर होगा यह स्थिति आपके लिए निश्चित रूप से लाभदायक होगी।

यात्राएं: : वर्ष के प्रारंभ में गुरु ग्रह के प्रभाव से छोटी-मोटी यात्राओं के साथ-साथ आपकी लंबी यात्राएं भी होगी। यह यात्राएं आपके लिए उन्नति कारक सिद्ध होगी। इन यात्राओं के दौरान आपकी किसी के साथ मित्रता भी हो सकती है। वर्ष के मध्य के पश्चात जब केतु का गोचर बारहवें भाव पर होगा तो यह गोचर आपको धार्मिक यात्राओं की तरफ ले जाएगा।

उपाय- वर्ष की शुरूआत भगवान गणेश जी के दर्शन और उन्हें दूर बार अर्पित करके करें पूरे वर्ष नित्य श्री गणेश जी के मंत्र का पाठ करें एवं नित्य प्राणायाम करें एक नारियल अपने सर से सात बार घूमर बहते हुए पानी में शनिवार के दिन बहा दें।

तुला राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी - शुक्र
राशि नामाक्षर -रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ये
आराध्य -श्री दुर्गा जी
भाग्यशाली रंग -सफेद, सिल्वर
राशि अनुकूल वार- शुक्रवार, शनिवार, बुधवार

नौकरी और व्यवसाय : व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ सामान्य रहेगा। मई के बाद समय बहुत अच्छा हो रहा है वर्ष के आरंभ में आप परिश्रम के बल पर कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। अष्टम भाव में देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपके व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के योग बनाते रहेंगे। किंतु वर्ष के मध्य के पश्चात देव गुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से नवम भाव पर होगा जो की बहुत अनुकूल रहेगा। शनि का गोचर मार्च के बाद राशि से छठे भाव पर रहेगा इसलिए नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए यह शनि कुछ कठिनाई उपस्थित करेगा।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। द्वितीय स्थान पर गुरु एवं शनि ग्रह के संयुक्त दृष्टि प्रभाव से आप आर्थिक बचत करने में सफल रहेंगे। रत्न आभूषण इत्यादि का भी लाभ प्राप्त होगा। अचल संपत्ति के साथ-साथ वाहनादि का सुख इस वर्ष प्राप्त होगा। वर्ष के मध्य के पश्चात देव गुरु बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से नवम भाव पर होगा इसलिए आर्थिक मामलों में यह स्थिति आपके लिए और ज्यादा अनुकूल रहेगी।

यात्राएं: यह वर्ष उत्तम रहेगा। द्वादश स्थान पर गुरु के दृष्टि प्रभाव से आप विदेश यात्रा करेंगे। मई के बाद छोटी-मोटी यात्राओं के साथ लंबी यात्राएं भी होती रहेंगी। राहु का गोचर आपके पंचम भाव पर होगा और शनि का गोचर छठे भाव पर होगा, व्यावसायिक-नौकरी पेशा लोगों के लिए यात्रा निश्चित रूप से बनेगी।

उपाय- वर्ष का प्रारंभ माता भगवती के मंदिर में एक नारियल और चुनरी चढ़ा कर करें। इस वर्ष नित्य श्री दुर्गा चालीसा का पाठ करें। केला या पीली वस्तुओं का दान करें। शुक्रवार के दिन 10 वर्ष से कम आयु की कन्याओं को खीर का प्रसाद खिलाएं।

वृश्चिक राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी- मंगल
राशि नामाक्षर -तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू
आराध्य- श्री हनुमान जी
भाग्यशाली रंग - लाल
राशि अनुकूल वार- मंगलवार, बृहस्पतिवार और रविवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। सप्तम स्थान के गुरु के प्रभाव से आप अपने व्यापार में उन्नति करेंगे। आपको कार्य क्षेत्र में मित्र सहयोगी वह जीवनसाथी का भी सहयोग प्राप्त होगा। यदि आप साझेदारी में कार्य कर रहे हैं तो अपने साझेदार से संतुष्ट रहेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए वर्ष के मध्य तक का समय विशेष रूप से अनुकूल रहेगा। यदि नौकरी में कोई परिवर्तन करना चाहते हैं तो राहु और केतु का गोचर आपके लिए सहायक सिद्ध होगा। मार्च के बाद शनि का गोचर आपकी राशि से पंचम भाव पर होगा और शनि की ढैया से आपको छुटकारा मिलेगा।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ उत्तम रहेगा। एकादश एवं द्वितीय स्थान पर गुरु के दृष्टि प्रभाव से आपके धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। और आप इच्छित बचत करने में सफल रहेंगे। 29 मार्च के पश्चात शनि का गोचर आपकी पंचम भाव पर होगा और शनि की दृष्टि आपके एकादश भाव पर होगी ।

शनि साढ़ेसाती का प्रभाव : मार्च के पश्चात आपको शनि की ढैया के प्रभाव से छुटकारा मिलेगा। पिछले काफी समय से आप शनि की चतुर्थ ढैया का सामना कर रहे थे जो आपके लिए मानसिक रूप से परेशानी की वजह बन रही थी। मार्च के पश्चात शनि की ढैया से छुटकारा मिलेगा आप मानसिक, पारिवारिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। कुछ स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां भी जो चल रही थी उनसे भी आपको मार्च के पश्चात छुटकारा मिलेगा।

उपाय- वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन पूजन के साथ करें। नित्य प्रति सूर्य नमस्कार करें और सूर्य को जल चढ़ाएं। गुरुवार के दिन पीली वस्तुएं जैसे केला या बेसन के लड्डू दान करें।

धनु राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी - बृहस्पति
राशि नामाक्षर - ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ, भे
आराध्य- श्री विष्णु नारायण
भाग्यशाली रंग- पीला
राशि अनुकूल वार- बृहस्पतिवार, रविवार, मंगलवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ सामान्य रहेगा। आपके कार्य क्षेत्र में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। गुरु ग्रह का गोचर अनुकूल नहीं होने के कारण आप अपने कार्यों का अंजाम तक पहुंचने में कठिनाई का अनुभव करेंगे। इसलिए आप अपनी शक्ति व सामथ्र्य के अनुसार कार्य करते रहें। नौकरी करने वाले जातकों का स्थानांतरण घर से दूर हो सकता है यह सारी स्थितियां वर्ष के मध्य तक रहेंगी। राहु और केतु का गोचर भी वर्ष के मध्य के पश्चात आपके तृतीय और नवम भाव पर प्रारंभ हो जाएगा और विपरीत स्थितियों से आपको छुटकारा दिलाएगा।

आर्थिक : वर्ष के आरंभ में व्यापारिक अनुकूलता नहीं होने के कारण आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं रहेगी। मई के बाद एकादश स्थान पर गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से धनागम में वृद्धि होगी। आप बचत कर आर्थिक स्थिति को सुधारने में सफल रहेंगे।

शनि साढ़ेसाती का प्रभाव : 29 मार्च के पश्चात शनि का गोचर आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर होगा। इसलिए शनि की ढैया की शुरुआत इस वर्ष हो जाएगी। राशि से चतुर्थ भाव पर शनि की ढैया पारिवारिक मामलों में कुछ मानसिक कष्ट की अनुभूति कराती है। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। माता के साथ वैचारिक विचारों का ताल मेल आपको सही रखना होगा तभी शनि का गोचर आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

उपाय- वर्ष की शुरुआत भगवान विष्णु के मंदिर में दर्शन पूजन के साथ करें। शनिवार के दिन शाम को सरसों के तेल का दीपक पीपल के वृक्ष के नीचे जलाएं। पीले फल व पीली वस्तुओं का दान करें ।

मकर राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी -शनि
राशि नामाक्षर -भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी
आराध्य -श्री शिव जी
भाग्यशाली रंग -आसमानी नीला
राशि अनुकूल वार-शनिवार, बुधवार, शुक्रवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से यह वर्ष बहुत सामान्य रहेगा। व्यापार में सफलता प्राप्त के लिए आपको लगातार अथक परिश्रम करना पड़ेगा। द्वितीय भाव में शनि के कारण परिश्रम का पूर्ण फल नहीं मिलेगा किंतु मार्च के पश्चात शनि का गोचर आपकी तृतीय भाव में होने से आपको परिश्रम का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इस समय के अंतराल में कोई नया कार्य प्रारंभ ना करें पहले से चले आ रहे कार्यों में और सुधार करने की आवश्यकता आपको रहेगी। कार्य स्थल पर अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना आपके लिए लाभप्रद रहेगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए इस वर्ष मार्च के पश्चात स्थितियां अनुकूल होंगी।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष बहुत अच्छा नहीं रहेगा। वर्ष के आरंभ में एकादश स्थान में गुरु की दृष्टि प्रभाव से धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। शनि के कारण आप इच्छित बचत नहीं कर पाएंगे। वर्ष के मध्य के पश्चात द्वितीय स्थान में राहु के गोचर के कारण भी आपके संचित धन में कमी का संकेत मिलता है।

शनि साढ़ेसाती का प्रभाव : इस वर्ष मार्च के पश्चात आपको शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव से छुटकारा मिलेगा और काफी लंबे समय से चली आ रही शनि की साढ़ेसाती की वजह से मानसिक,आर्थिक और शारीरिक कष्टों से भी छुटकारा मिलेगा। शनि आपकी राशि के स्वामी होकर अब अनुकूल स्थिति में आ रहे हैं आपके परिश्रम और पराक्रम का फल आपको इस वर्ष मिलेगा।

उपाय- वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजन दर्शन के साथ करें। वर्ष के किसी शनिवार को कंबल और ऊनी वस्त्र गरीबों को दान करें। मंदिर या धार्मिक स्थान पर केला या बेसन के लड्डू दान करें।

कुंभ राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी - शनि
राशि नामाक्षर - गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, था
आराध्य - श्री शिव जी
भाग्यशाली रंग - भूरा,काला
राशि अनुकूल वार- शनिवार, शुक्रवार, बुधवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से यह वर्ष सामान्य रहेगा। वर्ष की शुरुआत से मार्च तक राशि पर शनि के प्रभाव से आप आलस्य से प्रभावित हो सकते हैं जिसके कारण आपका कार्य व्यवसाय प्रभावित हो सकता है। यदि आप साझेदारी में कार्य कर रहे हैं तो आप अपने साझेदारी से संतुष्ट नहीं रहेंगे और आपको इच्छित लाभ प्राप्त नहीं होगी।नौकरी करने वाले व्यक्तियों के लिए मार्च के पश्चात का समय अच्छा रहेगा। बृहस्पति का गोचर आपकी राशि से चतुर्थ भाव पर होगा जो आपके लिए कुछ लाभदायक सिद्ध होता रहेगा।

आर्थिक: आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल नहीं रहेगा। द्वितीय स्थान के राहु आर्थिक मामलों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनाए रखेंगे। इसके फलस्वरूप आप बचत नहीं कर पाएंगे। आर्थिक निर्णय लेने अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य लें। मध्य के पश्चात आर्थिक मामलों में सफलता मिलने की संभावना बनेगी।

शनि साढ़ेसाती का प्रभाव : कुंभ राशि के लोग पिछले कुछ वर्षों से शनि के साढ़ेसाती के प्रभाव में चल रहे हैं। शनि का गोचर आपकी राशि पर आपको मानसिक,आर्थिक और पारिवारिक कष्ट दे रहा है। 29 मार्च के पश्चात शनि की साढ़ेसाती का अंतिम चरण प्रारंभ होगा और शनि राशि से द्वितीय भाव पर गोचर करेंगे। शनि का यह गोचर विकट समस्याओं से आपको छुटकारा दिलाएगा। आर्थिक स्थितियों में सुधार होगा पारिवारिक बिखराव में कमी आएगी और मानसिक रूप से कुछ प्रसन्नता का अनुभव आप मार्च के पश्चात करेंगे।

उपाय-वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन और पूजन के साथ करें। वर्ष के किसी शनिवार को हनुमान जी के मंदिर में चोला चढ़ाएं और नित्य प्रति श्री हनुमान चालीसा का पाठ करें।

मीन राशि: वार्षिक राशिफल 2025

राशि स्वामी -बृहस्पति
राशि नामाक्षर- दी, दू, थ, झ, दे, दो, च, ची
आराध्य- श्री विष्णु नारायण
भाग्यशाली रंग- पीला
राशि अनुकूल वार- बृहस्पतिवार, सोमवार, मंगलवार

नौकरी और व्यवसाय : कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ शुभ फलदाई नहीं रहेगा। व्यापार में सफलता प्राप्त के लिए लगातार अथक प्रयास करना पड़ेगा उसके बाद भी बहुत ज्यादा सफलता प्राप्त नहीं होगी। अतः इस समय के अंतराल में कोई नया कार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए। आपकी राशि से शनि का गोचर द्वादश भाव में मार्च तक रहेगा इसके पश्चात शनि का गोचर आपकी राशि पर होगा और साढ़ेसाती का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा इसलिए आपके अंदर कार्यों के प्रति उदासीनता और आलस्य की स्थिति बढ़ेगी।

आर्थिक : आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष सामान्य रहेगा। वर्ष आरंभ में एकादश स्थान पर राशि स्वामी गुरु के दृष्टि प्रभाव से धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। परंतु शनि एवं राहु ग्रह का गोचर प्रतिकूल होने के कारण आपकी आर्थिक स्थिति विशेष अच्छी नहीं रहेगी। वर्ष के मध्य के पश्चात राहु का गोचर द्वादश भाव में होने से आर्थिक स्थिति में कुछ हानि की संभावनाएं भी दिखाई देती हैं इस वर्ष निवेश बहुत सोच समझकर करें, लाभ के स्थान पर हानि की संभावनाएं ज्यादा होंगी।

शनि साढ़ेसाती का प्रभाव : इस वर्ष शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव मार्च के बाद तीव्रता से बढ़ेगा। शनि की साढ़ेसाती का दूसरा चरण 29 मार्च के पश्चात प्रारंभ होगा। मार्च से मई तक का कालखंड विशेष रूप से सावधानी का रहेगा, इस वर्ष आलस्य से बचना चाहिए। कार्यों के प्रति लापरवाही से बचना चाहिए और कोई भी निर्णय लेने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेनी चाहिए।

उपाय-वर्ष की शुरुआत श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन और पूजन के साथ करें। गुरुवार के दिन भगवान विष्णु के मंदिर में बेसन के लड्डू और पीले फलों का भोग लगाएं। काली वस्तु का दान करें ।

■ न्यूज गैलरी

विष्णु के सुशासन में एक काल पर समस्याओं का हो रहा निराकण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में अब एक फोन से समस्याओं का निराकरण हो रहा है। तुलसी नगर गुढियारी निवासी टिकाऊ राम साहू स्ट्रीट लाइट नहीं जलने को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि गली में 4 स्ट्रीट लाइट लगी हैं जिसमें से एक करीब दस दिन से खराब है। जिससे रात में आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पडता है। इसको लेकर उन्होंने स्थनीय प्रशासन से भी शिकायत किया। लेकिन वहां से भी कार्य न होने पर उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जन समस्या निवारण कॉल सेंटर मे फोन किया किया। जिसके बाद सम्बंधित विभाग को मामले की जानकारी दी गई।

आयुष्मान कार्ड एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में लगभग 130 लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम में रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी सम्मिलित हुए एवं उनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ. गोल्डी पांडेय, लिलिमा चंद्राकार, रूपेंद्र वर्मा, उज्वल डोगरे, मुकुल साहू, राहुल गजभिए, खिलेश गायकवाड़, जागेश्वर साहू का शाल और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया 7 इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष पं. राघवेन्द्र मिश्र, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव पं. गौरव शुक्ल, श्रीमती प्रीति मिश्रा, श्रीमती राधा तिवारी, पं. हेमंत तिवारी, पं. प्रशांत तिवारी, पं. प्रभात पाण्डेय, पं. शशिकांत मिश्र, पं. जे.पी. मिश्र, पं. राजेश त्रिवेदी, सहित बड़ी संख्या में विप्रजन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहें।

लाइट, माइक, वाहनों समेत प्रचार सामग्री के व्यय मानक दर निर्धारित

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के तहत कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे ने आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में राजनैतिक दलों एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न मदों जैसें वाहन, लाइट, माइक, शामियाना, डेकोरेशन, भोजन, वीडियोग्राफी एवं प्रचार सामग्री समेत विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय का मानक दर सर्व सम्मति से निर्धारित किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया। जिसके संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जानकारी दी गई।

ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत घोड़ारी निलंबित

महासमुन्द/नवप्रदेश। जिला पंचायत सी ई ओ एस. आलोक ने रमाकांत गोस्वामी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत घोड़ारी जनपद पंचायत महासमुंद को निलंबित कर दिया है। सचिव गोस्वामी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती नीलम गोस्वामी जो कि शिक्षक है के नाम पर महतारी वंदन योजना के फार्म गलत जानकारी देकर भरा गया एवं अनैतिक तरीके से उनके पत्नि जो कि ग्राम केशवा में पदस्थ है के खाते में राशि प्राप्त किया गया है। किसी भी शासकीय सेवक को गलत जानकारी देकर अनुचित लाभ प्राप्त करना शासकीय नियमों के विपरीत है।

कर्नाटक की बालिका तीरंदाजों ने मेडल सहित सभी का दिल भी जीता

तीरंदाजी में पूर्वी उत्तर प्रदेश का जलवा, 12 में से चार पदक जीते

रायपुर/नवप्रदेश। 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता में हुए तीरंदाज़ी के मुकाबलों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के तीरंदाज़ों का जलवा रहा। कर्नाटक की बालिका तीरंदाजों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों ने ट्रॉफी और मेडलों के साथ अपनी खेल भावना और व्यवहार से आयोजकों सहित साथी खिलाड़ियों का दिल भी जीत लिया। पूर्वी उत्तरप्रदेश के तीरंदाज़ों ने कुल बारह में से चार पदक जीते हालांकि पूर्वी उत्तरप्रदेश के तीरंदाज किसी भी वर्ग में स्वर्ण पदक नहीं पा सके परंतु जूनियर बालक और सब जूनियर बालक वर्ग में इन खिलाड़ियों ने सिल्वर और ब्रांज मेडल प्राप्त किया। तीरंदाजी की जूनियर बालक वर्ग की प्रतिस्पर्धा में

राजस्थान के हिमेश बरांडा ने 643 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। पूर्वी उत्तर प्रदेश के आदित्य सिंह ने 637 अंक लेकर रजत और हीरा सिंह ने 626 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया।

सब जूनियर बालक वर्ग में उत्तरबंगाल के सकनोन लेपचा ने 664 अंकों के साथ स्वर्ण और पूर्वी उत्तरप्रदेश के दीपक ने 661 अंक लेकर रजत तथा इंद्रदेव कुमार ने 651 अंक प्राप्त कर ब्रांज मेडल जीता।

जूनियर बालिका वर्ग में उड़ीसा की मंजुलता ने 563 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। छतीसगढ़ की रामशिला नेताम ने 493 अंक लेकर सिल्वर और उड़ीसा की ही मीना तीरिया ने 460 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक जीता।

सब जूनियर बालिका वर्ग में कर्नाटक की बालिकाओ का वर्चस्व रहा। कर्नाटक की भाग्यश्री ने 599 अंक के साथ स्वर्ण और अन्नपूर्णा ने 563 अंक लेकर रजत पदक पक्का किया। राजस्थान की दर्शी डामोर ने इस वर्ग में 541 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक जीता।

उल्लेखनीय है की 25 वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता में तीरंदाजी के 40 मीटर, 30 मीटर और 20 मीटर शूटिंग मुकाबले हुए। इन प्रतिस्पर्धाओं में बालक-बालिका जूनियर-सब जूनियर वर्ग में लगभग 400 जनजातीय तीरंदाज़ों ने हिस्सा लिया। तीरंदाज़ी के सभी मुक़ाबले राज्य आर्चरी एकेडमी के मैदान पर हुई।

24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

संथाल परगना बना चैंपियन, केरल उपविजेता और झारखण्ड फर्स्ट रनरअप रहा

■ **विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में चल रहीं 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। समापन समारोह के दौरान फुटबॉल के फाइनल मैच में संथाल परगना ने केरल को पेनाल्टी शूट में एक के मुकाबले चार गोलों से हराकर चैंपियन की ट्रॉफी जीती। केरल की टीम उपविजेता रहीं वहीं झारखण्ड की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीरंदाजी की प्रतियोगिता में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बालक तीरंदाज और कर्नाटक की बालिकाएं छायी रहीं। इस पूरी प्रतियोगिता में फुटबॉल और तीरंदाजी के खेलों में लगभग 600 जनजातीय बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। अण्डमान, निकोबार से लेकर पूरे देश के लगभग 30 प्रांतों से जनजातीय खिलाड़ी इस प्रतिस्पर्धा में शामिल हुए। पड़ोसी देश नेपाल से भी खिलाड़ियों के एक दल ने तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री एवं स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री केदार कश्यप और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कोटा स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बेहतरीन खेल दिखाने के लिए सभी का हौसला बढ़ाया। समापन समारोह में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह, अखिल भारतीय खेल-कूद प्रमुख श्री फूल सिंह लेप्चा, राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट, छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष श्री उमेश कच्छप और संगठन मंत्री श्री रामनाथ कश्यप, सचिव श्री अनुराग जैन और स्वागत समिति के सचिव श्री अमर बंसल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री प्रवीण ढोलके, सह संगठन मंत्री श्री सुभाष बडोले, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रोफेसर राजीव चौधरी, वनवासी विकास समिति महानगर रायपुर के अध्यक्ष श्री रवि गोयल और सचिव श्री राजीव शर्मा सहित सह खेल-कूद प्रमुख श्री पंकज सिंह, श्रीमती संगीता चौबे, डॉ. विजय साण्डिल्य, डॉ. आशुतोष साण्डिल्य, डॉ. मीना मूर्मू, श्री टिशेन भगत श्री गोपाल वियानी भी उपस्थित रहे।

राज्य सहकारी संघ की आमसभा में प्रदेश की सहकारिता को मजबूत करने अनेक निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्या. रायपुर की 19वीं वार्षिक आमसभा 30 दिसम्बर 2024 को न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में संपन्न हुई। राज्य संघ द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट, आय-व्यय पत्रक, वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट और प्रस्तुत कार्ययोजना की कार्यावली को सर्वसम्मति से आमसभा में स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक लेखा विवरणी, अंकेक्षित ऑडिट रिपोर्ट को भी आमसभा में अनुमोदित किया गया।

आमसभा को संबोधित करते हुए अपर आयुक्त सहकारिता एच के दोषी ने कहा कि संघ ने अपने उद्देश्य के अनुरूप शिक्षा-प्रशिक्षण की अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। हजारों लोगों ने समय-समय पर विभिन्न विषयों में शार्ट टर्म प्रशिक्षण का लाभ लिया है। 16 सप्ताह का डिप्लोमा इन कोऑपरेटिव मैनेजमेंट आनलाइन कोर्स भी संघ द्वारा चलाया गया। विगत वर्ष शार्ट टर्म और डिप्लोमा कोर्स से कुल 4760 लोग लाभान्वित हुए।

आमसभा में प्रतिनिधियों के सुझाव अनुसार संघ द्वारा प्रकाशित सहकारी समाचार को सभी सहकारी संस्थाओं में वितरित करने और सहकारिता को गांव-गांव तक पहुचाने हेतु सभी जिला पंचायतों में सहकारी समाचार भेजने के संबंध में भी निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम में अपर आयुक्त सहकारिता एच के दोषी, संयुक्त आयुक्त डीपी टावरी, भूपेंद्र ठाकुर, पीके भारती, लखन लाल साहू, संदीप श्रीवास्तव, हरीश तिवारी, श्रीमती मंजूषा तिवारी, स्नेहलता साव, पीके सांडिल्य सहित संघ के प्रबंध संचालक व उप आयुक्त एनआरके चन्द्रवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी ध्रुव आदि शामिल थे।

बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ भाजपा सरकार कर रही अन्याय : दीपक बैज

■ **सरकार चयनित शिक्षकों को दूसरे पदों पर समायोजित करे**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के साथ अन्याय कर रही है। भले ही इन शिक्षकों की नौकरी पर संकट तकनीकी रूप से अदालती निर्णय के कारण आया है लेकिन सरकार चाहे तो इस समस्या का तत्काल निराकरण कर सकती है। सरकार के पास शिक्षा विभाग में ही अनेकों ऐसे पद है जहां समान वेतनमान पर इन 2897 शिक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है। प्रयोगशाला सहायक, उच्च श्रेणी शिक्षकों के रूप में इनकी नियुक्तियां की जा सकती है। वर्तमान शिक्षा विभाग में 70 हजार पद रिक्त है।

33000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया सरकार रोक कर रखी हैं। इन पदों पर इन शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। सरकार इनके मामले में तत्काल निर्णय लेकर इनका समायोजन करे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के 2897 सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिये आंदोलनरत है, धरने पर बैठे है सरकार है कि इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले रही है। बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नौकरी बचाने सरकार के पास अनेकों विकल्प है, विभागीय डीएड परीक्षा का आयोजन भी करवा कर नौकरी यथावत बरकरार रख सकती है सरकार लेकिन इस सरकार की नीयत ठीक नहीं है। भाजपा सरकार नौकरी छिनने वाली सरकार है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने के बाद नियुक्ति दिया था। अब अदालत के निर्णय के बाद गतिरोध आ रहा है तो सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें। इन शिक्षकों की भर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुआ था, ऐसा नहीं है भाजपा सरकार बनने के बाद भी तीसरी और चौथी काउंसलिंग 9 फरवरी 2024 तथा 7 मार्च 2024 को हुई थी तथा इनकी नियुक्तियां हुई थी।

स्थानीय निकाय चुनाव टालने लगातार षडयंत्र रच रही भाजपा सरकार

■ **कांग्रेस के दबाव में बैलेट पेपर पर चुनाव कराने मजबूर हुई साय सरकार**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव टालने के लिए भाजपा सरकार लगातार षडयंत्र रच रही है। परिसीमन से लेकर आरक्षण तक प्रक्रिया में अव्यावहारिक बदलाव करके चुनाव को बाधित कर रहे हैं। महापौर के लिए आरक्षण की प्रक्रिया अकारण ही 10 दिन आगे बढ़ा दिया गया। असलियत यह है कि भाजपा सरकार नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया में जाने से डर रही, लगातार बहाने कर रही है। पहले अध्यादेश और अब पंचायत

अध्यक्षों और महापौर के आरक्षण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। जनता साय सरकार के कामकाज से बेहद नाराज है, बिगड़ती कानून व्यवस्था, धान खरीदी में कुप्रबंधन, आरक्षक भर्ती घोटाला, महतारी वंदन योजना में भ्रष्टाचार, अपराध, अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण से यह सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है, इसलिए चुनाव टाला जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि कांग्रेस के दबाव में बैलेट पेपर पर चुनाव कराने मजबूर हुए साय सरकार। कांग्रेस की मांग है कि केवल स्थानीय निकाय ही नहीं, हर चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, विश्वसनीयता के लिए पारदर्शिता आवश्यक है। लोकतंत्र पर आम जनता का भरोसा कायम रहे इसके लिए बैलेट पेपर से चुनाव आवश्यक है। एक साल हो गए भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ में सरकार बने, लेकिन अब तक यह कह रहे हैं कि तैयारी नहीं हो पाई है, महापौर और पालिका अध्यक्ष के लिए आरक्षक प्रक्रिया आगे बढ़ा दिए, आरक्षण के नियमों में अव्यावहारिक बदलाव कर दिए, आरक्षित वर्ग के अधिकारों में दुर्भावना पूर्वक कुठाराघात किया गया है।

उद्योग भवन रायपुर में सेमीनार का सफल आयोजन संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को उद्योग भवन रायपुर में उद्योग विभाग एवम् छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकामर्स के संयुक्त तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया ।

चेंबर प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री उत्तमचंद गोलछा ने बताया कि कल दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को उद्योग भवन रायपुर में उद्योग विभाग एवम् छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के संयुक्त तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जेम्स एंड ज्वेलरी एवम् हॉलमार्किंग सैक्टर को इंडस्ट्रीज का दर्जा प्रदान करने तथा शासन की ओर से इस योजना में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई ।

श्री गोलछा ने आगे बताया की जेम्स एंड ज्वेलरी एवम् हॉलमार्किंग सैक्टर को इंडस्ट्रीज का दर्जा मिलने पर प्रदेश में इस क्षेत्र में और भी तेजी से विकास होगा, नए रोजगार का सृजन होगा जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएगा ।

नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप

छत्तीसगढ़ को तीन स्वर्ण के साथ 10 पदक

■ **तुमेश्वरी, मिनाक्षी व खिलेंद्र साहू ने जीता सोना, वर्तिका को चांदी**

रायपुर/नवप्रदेश। कर्नूल आंध्र प्रदेश में आयोजित 8वीं नेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ के खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण सहित 10 पदक जीते हैं। स्वर्ण पदक जीतने वालों में अंडर-19 कैटेगरी में तुमेश्वरी साहू व मिनाक्षी साहू और अंडर- 14 वर्ग में खिलेंद्र साहू शामिल हैं।

27 और 28 दिसंबर को आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की 11 खिलाड़ियों की टीम ने महिला कोच और महाराष्ट्र मंडल की सह सचिव मालती मिश्रा और पुरुष वर्ग के कोच प्रवीण क्षीरसागर के मार्गदर्शन में भरपूर जोश और जुनून के साथ हिस्सा लिया। मालती मिश्रा के मुताबिक अंडर-19 वर्ग में तेलंगाना और महाराष्ट्र की टीम को चित करते हुए हमारी खिलाड़ी तुमेश्वरी साहू और मिनाक्षी साहू ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-14 में खिलेंद्र साहू ने तमिलनाडु के खिलाड़ी को सीधे मुबाकले में चारों खाने चित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग के अंडर- 17 के फायनल में पुष्कर साहू ने तेलंगाना के खिलाड़ी से परास्त होने के बाद सिल्वज मेडल हासिल किया। इसी तरह अंडर- 14 में तारक साहू आंध्र प्रदेश के फायटर से पराजित होकर रजत पदक प्राप्त किया। अंडर- 14 कैटेगरी में अक्षत चंद्राकर ने भी रिंग में कमाल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर जीता। चित्रांश साहू ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के खिलाफशानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ महिला टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी वर्तिका क्षीरसागर ने अपने वर्ग में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के खिलाड़ियों के साथ रिंग फाइट करते हुए ब्रांज मैडल जीता।

छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के महासिचव ओपी कटारिया ने बताया कि पहली बार में प्रदेश की 11 सदस्यीय टीम को तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक के साथ कुल 10 मैडल मिले।

स्वदेशी मेला : सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महाराष्ट्र मंडल ने किया प्रभावित

■ **स्टाल में मराठी व्यंजनों का हजारों लोगों ने उठाया लुत्फ**

रायपुर/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज मैदान पर लगे स्वदेशी मेले में सोमवार को श्रावणी मुकादम के गणेश वंदना पर किए गए बेहद आकर्षक डांस पर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। मंडल के मराठी व्यंजनों के स्टॉल में लोगों ने महाराष्ट्र की व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

मराठी समाज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाराष्ट्र मंडल की प्रस्तुतियां प्रतिभा नलगुंडवार और अनघा करकशे ने सुमधुर सरस्वती वंदना से शुरू हुई। अंकिता किरवई ने सुमधुर भजन 'राम आएंगे आएंगे....' से प्रभावित किया। रचना ठेंगड़ी की कोरियोग्राफी में 'फुलला मधुमास नवा....' पर अंजलि काले, सृष्टि दंडवते, सुमिता रायजादा, कविता ठेंगड़ी शानदार कोआर्डिनेशन के साथ समूह नृत्य किया। सुमिता रायजादा की 'जयसतुते....' की सुरमय प्रस्तुति से लोग झूम उठे। संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित नाटक का बेहद प्रभावी मंचन किया।

न्यूज़ गैलरी

पंचायत सचिव ग्राम घोड़ारी निलंबित

महासमुन्द/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक ने रमाकांत गोस्वामी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत घोड़ारी जनपद पंचायत महासमुंद को निलंबित कर दिया है। सचिव गोस्वामी द्वारा अपनी पत्नी नीलम गोस्वामी जो कि शिक्षक हैं इनके नाम पर महतारी वंदन योजना के फार्म गलत जानकारी देकर भरा गया एवं अनैतिक तरीके से उनकी पत्नि जो कि ग्राम केशवा में पदस्थ है के खाते में राशि प्राप्त की। किसी भी शासकीय सेवक को गलत जानकारी देकर अनुचित लाभ प्राप्त करना शासकीय नियमों के विपरीत है। श्री रमाकांत गोस्वामी के द्वारा इस आशय की सूचना किसी को नहीं दी गई थी यह उनकी संलिप्तता को परिलक्षित करता है। अतः रमाकांत गोस्वामी के उक्त कृत्य के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री गोस्वामी का मुख्यालय कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद रहेगी। श्री गोस्वामी को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते पात्रता होगी।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। भोईपारा सोनकरपारा में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसमें आजाद चौक पुलिस ने जांच के दौरान एक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार भोईपारा सोनकरपारा निवासी 17 वर्षीय लड़की ने 23 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसमें आजाद चौक पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी विष्णु सोनी 24 वर्ष ने किशोरी को शादी का झांसा देकर करीब 80 हजार रुपए और सोने-चांदी के जेवर ले लिया और 18 साल होने पर शादी करुंगा कहकर भाग निकला।

बिकने और बेचने की चर्चाओं के बीच कांग्रेस का यह पूरा साल निकल गया : श्रीवास्तव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि बिकना और बेचना कांग्रेस का मूल राजनीतिक चरित्र रहा है। बागियों और निष्कासित कांग्रेस नेताओं की वापसी को लेकर कांग्रेस में मचे बवाल ने कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र को एक बार फिर उजागर किया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बिकने और बेचने की चर्चाओं के बीच कांग्रेस का यह पूरा साल निकल गया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा टिकटों की खरीद-फरोख्त से इंकार पर पलटवार करते हुए कहा कि बैज अगर कांग्रेस का पूरा इतिहास खंगाल लें तो उनकी यह खुशफहमी काफूर होते देर नहीं लगेगी। कांग्रेस ने तो अपना राजनीतिक चरित्र, जमीर तक बेच डाला है, भ्रष्टाचार करके लूट मचाने और देश व प्रदेश के मान-सम्मान बेचने में कांग्रेस को जरा भी शर्म महसूस नहीं हुई, वह कांग्रेस आज टिकटों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर लिजलिजी दलीलें दे रही है।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बैज अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में टिकटें बेचने से इंकार करके यह तो स्वीकार कर रह हैं कि उनके पहले कांग्रेस में यह सब होता रहा है। अगर बैज के कार्यकाल में टिकटों की खरीद-फरोख्त नहीं हुई थी, तो फिर २०२३ के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद से कांग्रेस में टिकटें बेचने के सनसनीखेज आरोप तथ्यों के साथ कौन लगा रहा था? अगर टिकटें नहीं बिकी थीं तो फिर कांग्रेस की तत्कालीन प्रदेश प्रभारी शैलजा पर कांग्रेस के आलाकमान ने गाज क्यों गिराई थी? श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी की भूपेश सरकार सरकारी खजाने को लूटने में लगी रही, उस पार्टी तक के खजाने में डाका डाले जाने के आरोप आज भी प्रदेश में गूंज रहे हैं, और बैज अपना दामन बचाने में लगे हैं।

उपेक्षा और अपमान को देखकर कोई भी कांग्रेस का सदस्य बनने के लिए तैयार नहीं : शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की लगातार दुर्गति हो रही है, लेकिन बजाय इससे सबक लेने के कांग्रेस के लोग आपसी सिर-फुटौव्वल में लगे हुए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के संगठन महापर्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचा है और कांग्रेस की दुर्दशा का आलम यह है कि वहाँ कोई सदस्य बनने के लिए जरा भी इच्छुक नहीं है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं और नेताओं के अभाव से जूझ रही कांग्रेस की राजनीतिक दरिद्रता का इससे अधिक परिचय और क्या होगा कि अब कांग्रेस नेतृत्व को पिछले चुनावों के और निष्कासित नेताओं से आवेदन मंगवाना पड़ा है! कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र के कारण एक तरफ जहाँ सम्मेलनों में बड़े नेताओं को कार्यकर्ता मुँह पर खूब खरी-खोटी सुनाने में नहीं हिचक रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और अपमान को देखकर कोई भी कांग्रेस का सदस्य बनने के लिए तैयार नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999